श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 262, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 18 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## पीएम मोदी ने किसानों के खातों में 2-2 हजार रु. ट्रांसफर किए, उत्तम खेती के लिए तकनीकी को खुले मन से अपनाने की है जरूरत : पीएम मोदी

# पीएम मोदी का किसानों को तोहफा




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तम खेती के लिए तकनीक को खुले मन से अपनाने की जरूरत है। तकनीक के माध्यम से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पीएम किसान योजना है। तकनीकी के सहारे ही अभी तक देश किसानों के खातों में दो लाख करोड़ से अधिक की रकम सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022 का उद्घाटन करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। सरकार चाहती है कि किसानों को कम लागत में अच्छी फसल मिल सके। इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।




पीएम मोदी ने कहा कि धरा की सेहत अच्छी रहे इसके लिए 22 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि धरती की सेहत अच्छी रहेगी तो किसानों को अच्छी फसल मिल पाएगी। पर ड्रॉप मोर क्रॉप, टपक सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे कृषि में जल के खपत को कम किया जा सके। पीएम ने कहा कि किसानों को जलवायु के अनुकूल उन्नतशील बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही पारंपरिक अनाजों को बढ़ावा देने के लिए और उनकी गुणवत्ता और उपज को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि खेत से बाजार की दूरी कम की जा रही है। कृषि रेल और कृषि उड़ान योजना के माध्यम से किसानों के उत्पाद को व्यापक स्तर पर बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में भारत का कृषि निर्यात बढ़ा है। कृषि निर्यात के मामले में हम दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश के किसान पर बोझ न पड़े, हमारे किसान उन पर कोई नया संकट ना आए इसलिए जो 70-80 रुपये में यूरिया हम आज बाहर से लाते हैं, हम किसानों को 5-6 रुपये में पहुंचाते हैं ताकि हमारे किसान भाइयों-बहनों को कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि आज सबसे अधिक खर्च जिन चीजों को आयात करने में हमारा होता है, वो खाने का तेल है, फर्टिलाइजर है, कच्चा तेल है, इनको खरीदने के लिए ही हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये हमें दूसरे देशों को देना पड़ता है। विदेशों में अगर कोई समस्या आती है तो इसका बुरा असर हमारे यहां भी पड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि फर्टिलाइजर सेक्टर में रिफॉर्म के हमारे अब तक के प्रयासों में आज दो और प्रमुख रिफॉर्म, बड़े बदलाव जुड़ने जा रहे हैं।

पहला बदलाव ये है कि आज से देशभर की सवा 03 लाख से अधिक खाद की दुकानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के रूप में विकसित करने के अभियान की शुरूआत हो रही है। ये ऐसे केंद्र होंगे जहां खिर्फ खाद ही नहीं मिलेगी, बल्कि बीज, उपकरण, मिट्टी की टेस्टिंग, हर प्रकार की जानकारी जो भी किसान को चाहिए, वो इन केंद्रों पर एक ही जगह मिलेगी। यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर के लिए भारत अब तेजी से लिक्विड नैनो यूरिया की तरफ बढ़ रहा है। नैनो यूरिया, कम खर्च में अधिक प्रोडक्शन का माध्यम है। पीएम ने कहा कि जिसको एक बोरी यूरिया की जरूरत लगती है वो काम अब नैनो यूरिया की एक छोटी सी बॉटल से हो जाता है। ये विज्ञान और टेक्नोलॉजी का ही कमाल है।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त जारी की। 8 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 16,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इस योजना के तहत किसानों के खाते में एक साल में 2-2 हजार रुपये की तीन किश्त जारी की जाती हैं। इसी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का शुभारंभ भी किया।

इसके तहत, किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में 3.3 लाख से ज्यादा रिटेल फर्टिलाइजर दुकानों को पीएमकेएसके में बदला जाएगा।

### 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र खुले

पीएम मोदी ने रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों का शुभारंभ भी किया। इसके तहत, किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में 3.3 लाख से ज्यादा रिटेल फर्टिलाइजर दुकानों को पीएमकेएसके में बदला जाएगा।

भारत ब्रांड यूरिया लॉन्च

पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना - एक राष्ट्र एक उर्वरक का शुभारंभ भी किया। इस योजना के तहत, प्रधानमंत्री ने भारत यूरिया बैग लॉन्च किया, जो कंपनियों को सिंगल ब्रांड नाम "भारत" के तहत फर्टिलाइजर की मार्केटिंग में मदद करेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष चुनावः मतदान खत्म, 19 को आएगा नतीजा



**नई दिल्लीः** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए मतदान खत्म हो गया। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर मैदान में हैं। 9,000 से अधिक प्रदेश कांग्रेस कमिटी के डेलीगेट ने इस मतदान में हिस्सा लिया। इसके लिए सोमवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एआईसीसी मुख्यालय समेत देश भर के पार्टी प्रदेश कार्यालयों में मतदान हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए देशभर में 36 पोलिंग बूथ बनाए गए थे।

**मौजूदा अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस दिन का था इंतजारः** कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए अपना वोट डालने आईं सोनिया गांधी ने आज कहा कि वे इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहीं थीं। सोनिया गांधी और कांग्रेस की जनरल सेक्रेटरी प्रियंका गांधी वाड्रा एक साथ अपना वोट डालने के लिए अक्छ्उ मुख्यालय पहुंचीं। चुनाव के बारे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सोनिया ने कहा, 'इस दिन के लिए मैं लंबे समय से इंतजार कर रही हूं।'

**24 साल में पहली बार गांधी परिवार से बाहर का होगा कांग्रेस नेतृत्वः** कांग्रेस पार्टी में नए अध्यक्ष का चुनाव होना है, जो 24 सालों में पहली बार गांधी परिवार से बाहर का होगा। सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जोर दिया कि गांधी परिवार के नेतृत्व की सख्त जरूरत होगी और यह आने वाले दिनों में पार्टी में अहम भूमिका निभाएगी। पार्टी का नया अध्यक्ष अब तक सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष पद पर रहीं सोनिया गांधी की जगह लेंगे। 1998 से सोनिया के नेतृत्व में पार्टी का काम-काज हो रहा था। बीच में दो साल- 2017 और 2019 में राहुल गांधी पार्टी में बतौर अध्यक्ष रहे।

## रूस ने यूक्रेन पर फिर किए ताबड़तोड़ हवाई हमले,

**कीवः** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हवाई हमला किया है, जिसमें कई लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन के गृह मंत्री डेनिस मोनास्टिर्स्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को यूक्रेन के शहरों पर रूसी हवाई हमलों में कई लोग मारे गए।

**कीव में एक व्यक्ति की मौतः** कीव के मेयर ने कहा कि राजधानी कीव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, मोनास्टिर्स्की ने संवाददाताओं से कहा कि इस हमले में 'कुछ' लोगों की मौत हुई है। हालांकि, उन्होंने इसका कोई ब्योरा नहीं दिया।

## दीपोत्सवः पहली बार जलेंगे गाय के गोबर से बने सवा लाख दीप



**लखनऊः** दीपोत्सव नित नई ऊंचाइयां छुए, इसका दिव्य-भव्य और अलौकिक स्वरूप बढ़ता जाय। यह योगी सरकार का प्रयास है। सरकार के इस आयोजन से आमजन भी जुड़ते रहे हैं। गाय, गीता व गंगा अविरल व निर्मल रहें। सरकार का इस पर भी ध्यान है। दीपोत्सव पर इस बार गायों के गोबर के 1.25 लाख दीप भी जगमगाएंगे। इसकी अलौकिक छटा भी दिखाई देगी। इसे लेकर प्रदेश सरकार के पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने जानकारी दी। पशुधन मंत्री ने कहा कि गाय विश्व की माता है। गाय के शरीर में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। वहीं गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास है। गौमूत्र में गंगा मैया बसती हैं। गृह दोष अथवा अमंगल की स्थिति में गोमूत्र के छिड़काव से वास्तु दोष दूर व सुख-शांति, समृद्धि आती है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गोदीप जलाकर प्रदेश की खुशहाली की कामना भी करेगी।

**दीपावली पर गोबर के जलाएं नौ दीपः** योगी सरकार ने आमजन से भी अपील की कि गोबर से बने दीप जलाएं। लोगों से कहा गया कि दीपावली पर गाय के गोबर से निर्मित नौ दीप घरों पर अवश्य जलाएं। यह प्रदूषण मुक्त और इको फ्रेंडली हैं। इससे परिवार में गृह "शांति" व समृद्धि होगी।

**मंदिरों में भी जलाए जाएंगे 4.50 लाख दीपः** वहीं दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए 21 प्रमुख मंदिरों में भी लगभग 4.50 लाख दीप जलाए जाएंगे। यह योजना पहले से बनी है। राम जन्मभूमि पर 51 हजार, हनुमान गढ़ी पर 21 हजार दीये जलाए जाएंगे। कनक भवन, गुप्तार घाट, दशरथ समाधि, रामजानकी मंदिर साहबगंज, देवकाली मंदिर।

## नेताजी को दी अंतिम विदाई, अस्थियां विसर्जित



**हरिद्वारः** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की अस्थियां चंडी घाट स्थित नीलधारा में विधि विधान के साथ विसर्जित की गई। तीर्थ पुरोहित शैलेश मोहन ने कर्मकांड संपन्न कराया। जिसके बाद उनके बेटे अखिलेश यादव ने गंगा में अस्थियों को विसर्जित किया। अस्थि विसर्जन के बाद उन्होंने गंगा में डुबकी लगाकर पिता की आत्मिक शांति के लिए कामना की। इस दौरान मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल यादव, चचेरे भाई रामगोपाल यादव, बेटे अखिलेश यादव, प्रतीक यादव, बहू डिंपल यादव, अखिलेश की बेटी टीना, अदिति, बेटा अर्जुन और चचेरा भाई धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप यादव, अंशुल यादव, अक्षय यादव, अनुराग यादव, छोटू यादव, आदित्य यादव आदि परिवार के लोग मौजूद रहे। अस्थि विसर्जन के दौरान उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों से विधायक, पूर्व विधायक, सांसद और तमाम कार्यकर्ताओं के अलावा हरिद्वार से भी पार्टी के लोग घाट पर मौजूद हैं।

## चीन के साथ चल रहे विवादों के चलते लड़ाकू क्षमता बढ़ाना चाहता है फिलीपींस

# अब फिलीपींस को भारत देगा एयर डिफेन्स सिस्टम



**नई दिल्लीः** भारत के साथ ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल का सौदा करने के बाद फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों (एएलएच) का एक बैच खरीद रहा है। अब भारत ने फिलीपींस की सेना के आर्टिलरी सिस्टम को अपग्रेड करने के साथ ही एयर डिफेन्स सिस्टम खरीदने के लिए पेशकश की है। साथ ही फिलीपींस की सेना को परिचालन और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए भी भारत तैयार है। इसके जवाब में फिलीपींस ने रक्षात्मक तकनीक प्रदान करने की पेशकश पर भारत को धन्यवाद दिया है। दरअसल, भारत और फिलीपींस ने अगस्त में नागरिक उड्डयन, फिनटेक, शिक्षा, सैन्य और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया था। यह निर्णय मनीला में चौथी सामरिक वार्ता और भारत-फिलीपींस के बीच तेरहवें विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान लिए गए थे। इसी समझौते के तहत भारतीय सेना फिलीपींस के सशस्त्र बलों (एएफपी) को परिचालन और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण देने की इच्छुक है। फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग (डीएनडी) के अवर सचिव जोस फॉस्टिनो जूनियर के साथ मुलाकात में फिलीपींस में भारत के राजदूत शंभू कुमारन ने यह पेशकश की है। डीएनडी के प्रवक्ता आर्सेनियो एंडोलोंग ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण सहयोग पर भारतीय राजदूत ने फिलीपींस के सशस्त्र बलों के लिए विशेष रूप से परिचालन तत्परता और साइबर सुरक्षा पर भारत की पेशकश को दोहराया है।

## कई जगह हथियारों की अवैध फैक्ट्री बनाई; एनआईए को मिले अहम सबूत

# तमिलनाडु से टेरर फंडिंग जुटाने में लगा आतंकी संगठन लिट्टे



**नई दिल्लीः** श्रीलंका में वित्तीय संकट के बाद आतंकी संगठन लिट्टे तमिलनाडु में अपनी पैठ मजबूत करने में जुटा है। इसके लिए उसने तमिलनाडु में कई जगह हथियारों की अवैध फैक्ट्री बनाए हैं। जांच एर्जेसियों को इस मामले में अहम इनपुट हाथ लगे हैं। अब टेरर फंडिंग के लिए लिट्टे तमिलनाडु के कई बड़े राजनेताओं और बिजनेसमैन को टारगेट बनाने की फिराक में है।

**एनआईए को मिले अहम इनपुटः** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को इस बारे में इनपुट मिले हैं। इसे लेकर ही बीते दिनों कई जगहों पर छापेमारी की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, तमिलनाडु पुलिस ने 19 मई को सलेम जिले के सेवापेट से 2 युवकों नवीन मुत्थू और संजय प्रकाश को पकड़ा था। इनके पास से दो पिस्तौल, गन पाउडर, हथियार व विस्फोटक बनाने का सामान बरामद किया था। जांच में पता चला कि दोनों ही युवक आतंकी संगठन लिट्टे के लिए काम कर रहे थे। इसके बाद मामला एनआईए को सौंपा गया। एनआईए ने 25 जुलाई को दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**लिट्टे के ऑपरेशन्स का खुलासाः** जब एनआईए ने दोनों से पूछताछ की तो लिट्टे के मंसूबों की जानकारी मिली। पता चला है कि श्रीलंका में वित्तीय संकट खड़ा होने के बाद लिट्टे ने अपने ऑपरेशन्स भारत में शिफ्ट कर लिए हैं। पहले जो हथियार सीमापार श्रीलंका में बनाए जाते थे, वे अब लोकल लोगों की मदद से तमिलनाडु में बनाए जा रहे हैं।

## जिनपिंग ने गलवान को उपलब्धि बताया



**बीजिंग/नई दिल्लीः** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीसीपी की 20वीं कांग्रेस रविवार यानी 17 अक्टूबर को बीजिंग में शुरू हुई। यह मीटिंग 22 अक्टूबर तक चलेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मीटिंग में हुई चर्चा से ज्यादा जिस बात ने सबका ध्यान खींचा, वह था गलवान झड़प का वीडियो दिखाना। इस दौरान गलवान में लड़ने वाले कमांडर को भी बुलाया गया था। इसे जिनपिंग सरकार की उपलब्धि के तौर पर दिखाया गया। रिपोर्ट्स में इसे भारत को लेकर जिनपिंग का एजेंडा बताया गया। भारत को खतरा इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि सीसीपी की मीटिंग के बाद शी जिनपिंग का कार्यकाल बढ़ाने का ऐलान तय माना जा रहा है। वहां किसी भी राष्ट्रपति को अधिकतम दो कार्यकाल देने का नियम जिनपिंग पहले ही खत्म करा चुके हैं। इससे उनके जिंदगीभर राष्ट्रपति रहने का रास्ता साफ हो गया है।

**दो टर्म ही राष्ट्रपति रहने की कंडीशन खत्मः** जिनपिंग 2012 में सत्ता में आए थे। जिनपिंग से पहले राष्ट्रपति रहे सभी नेता पांच साल के दो कार्यकाल या 68 साल की उम्र होने पर रिटायर होना होता था। 2018 में चीन ने राष्ट्रपति पद के लिए दो टर्म की बाध्यता खत्म कर दी थी। ऐसे में जिनपिंग पूरी उम्र के लिए राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। जिनपिंग का दूसरा कार्यकाल 2023 में खत्म हो रहा है, लेकिन ये तय माना जा रहा है कि वे तीसरा कार्यकाल भी लेंगे।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग में आधा दर्जन गिरफ्तार प्रधान को धमकाने में एक नामजद

**कोरांव।** खीरी पुलिस की निरंतर कार्यवाही से अपराधियों में खल बली मच गई है। एक तरफ पुलिस ने शांति भंग में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं एक ग्राम प्रधान को तरह तरह की धमकियां देने तथा जान से मारने की धमकी आदि के तहरीर पर थाना कोरांव इलाके के एक अभियुक्त के विरुद्ध खीरी थाने में मुकद्दमा दर्ज किया गया है। समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। उक्त अभियुक्त पर थाना कोराव में कई गंभीर प्रकृति के अपराध दर्ज हैं। जिसमें जेल जाना बाकी है। थाना प्रभारी खीरी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। और न ही कानून को किसी को हाथ में लेने की इजाजत दी जाएगी। कई अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न मुकदमों में और संगीन केसों में जेल भेजा जा चुका है।

### मारपीट में दो पर केस दर्ज

**मऊआइमा।** बच्चों के विवाद को लेकर महिला को मारा पीटा गया। महिला ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अनेधी गांव निवासनीय सीमा देवी पत्नी दिनेश कुमार सरोज का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। सीमा देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर रवि कुमार एवं दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

**वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन.....**

# दो सौ प्रतिभाओं का हुआ सारस्वत अलंकरण

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** क्षेत्र के भडेवरा बाजार स्थित लाल लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई करछना का वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन रविवार को तहसील अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । जिसमें महासंघ से जुड़े साठ पत्रकारों सहित चौदह कवियों एवं एक सौ तीस से अधिक समाज सेवियों शिक्षाविदों चिकित्सकों और जनप्रतिनिधियों को सम्मान पत्र . प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर अलंकृत किया गया। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के इतिहास में किसी तहसील इकाई द्वारा अब तक यह सबसे बड़ा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कवियों पत्रकारों और समाजसेवियों को इतनी अधिक संख्या में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे ब्लॉक करछना के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जनसेवी कमलेश द्विवेदी द्वारा संयुक्त रुप से सम्मान पत्र दिया गया । कार्यक्रम के आयोजक . संयोजक व व्यवस्थापक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तहसील इकाई करछना के मीडिया प्रभारी शिवम मिश्र ने जिला मुख्य महासचिव मुनेश कुमार मिश्र के साथ भरपूर स्वागत किया । महासंघ की ओर से क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संबंधित ग्राम प्रधानों सहित कॉलेजों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यो को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें रामलोचन सांवरिया ने अध्यक्षता की । और मंच संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया । जिसमें डॉ राजेंद्र शुक्ला डॉ वीरेंद्र बहादुर सिंह कुसुमाकर संतोष शुक्ला समर्थ अजय प्रेमी अली इलियास कृष्ण कुमार कामिल बबलू सिंह बहियारी विपिन कुमार त्रिपाठी रत्नाकर सिंह तन्हा सबरेज अहमद सुनील साहिल सुमित कुमार शर्मा ने काव्य पाठ किया। और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया । इसके अलावा महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश पवन प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल जिला मुख्य महासचिव मुनेश कुमार मिश्र महासचिव कमलेश सिंह संगठन सचिव प्रदीप कुमार सिंह तहसील करछना के संरक्षक राजेश कुमार यादव तहसील महासचिव लालचंद प्रजापति, तहसील कोरांव के अध्यक्ष जयशंकर भास्कर, विवेक कुमार मिश्रा अमित कुमार द्विवेदी सुहैल अकरम, प्रशांत कुमार तिवारी शुभम पांडेय मिजार्पुर के राजकुमार तिवारी पंकज कुमार पांडेय बतौर वक्ता के रूप में मौजूद रहे । देर शाम तक चले कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि अधिवक्ता एवं भारी संख्या में विद्यालय के छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे ।सभी का हार्दिक आभार जिला मुख्य महासचिव मुनेश कुमार मिश्र ने व्यक्त किया ` इस मौके पर भाजपा यमुनापार जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय जनसत्ता दल के यमुनापार अध्यक्ष विनीतपति त्रिपाठी प्रधान संघ अध्यक्ष करछना अवतार किशन सिंह धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह प्रधानाचार्य श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी कुलसचिव डॉ सुभाष चंद्र तिवारी प्रचार्य सत्य प्रकाश शुक्ला प्रधानाध्यापिका रूश्दा नाहिद डॉ रज्जन प्रसाद तिवारी डॉ एमके शुक्ला स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय पंकज शुक्ला श्री राम त्रिपाठी संतोष मिश्रा प्रदीप पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों की ठगी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी का करने का मामला प्रकाश में आता रहता है।ऐसे ही एक युवक से लाखों रुपये लेकर कथित एजेंट ने चालक के पद पर कह कर सऊदिया अरब भेजा । वहां पहुंचने पर बकरी चराने में लगा दिया गया। भुक्तभोगी ने कथित एजेंट के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक अफजल उर्फ पूरे लीला निवासी मोहम्मद शमशाद पुत्र सादिक अली को प्रयागराज शहर के सिविल लाइंस गेट नम्बर एक का निवासी एक कथित एजेंट द्वारा सऊदी अरब में वाहन चालक के पद पर भेजने के नाम पर लाखों की ठगी कर लिया ।मोहम्मद शमशान का आरोप है कि जब वह सऊदी अरब पहुंचा तो वहां उसे बकरी चराने के लिए लगा दिया गया। जब वह सऊदी में अपने मालिक से शमशाद ने पूछा तो उसने बताया कि में तो बकरी चराने का वीजा दिया हूँ वहाँ से शमसाद भारत आ गया और कथित एजेंट की करतूतों को बताया । और पैसा वापस मांगने लगा तो कथित एजेंट ने पैसा वापस करने से मना कर दिया जिसपर शमसाद ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर सिविल लाइंस गेट नम्बर एक निवासी इमरान उल्ला उर्फ शेरू के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदम दर्ज करा दिया है ।

**न्यूज झरोखा...**

### जंघई चौकी इंचार्ज का स्थानांतरण होने पर क्षेत्र के लोगो ने उज्जवल भविष्य की कामना किया



**जंघई।** मीरगंज थाना क्षेत्र के जंघई चौकी इंचार्ज पद पर कार्यरत रहे महेश्वरीदीन राजपूत का स्थानांतरण होने की खबर सुनते ही जंघई के लोगो ने उनका विदाई समारोह कार्यक्रम रखा। क्षेत्र के लोगों ने उपस्थित होकर उनके कुशल व्यवहार एवं कार्यशैली से प्रसन्न होकर माल्यार्पण किया एवं उज्जवल भविष्य हेतु कामना किया। एमडी राजपूत के बेहतर कार्यकाल को लेकर जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण ने संस्था का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं माल्यार्पण किया। चौकी इंचार्ज ने अपने विदाई समारोह में कहा कि क्षेत्र के लोगो ने हमारे कार्यकाल में काफी सहयोग किया है जिससे हमारा कार्यकाल बेहतर रहा सभी क्षेत्रवासियों को उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**सिरसा।** मेजा थानांतर्गत सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार द्वारा आज सोमवार को अपने सहयोगी दरोगा रहे अमृत जायसवाल के अतरसुइया थाना स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगो ने अमृत जायसवाल के कार्यप्रणाली कि खूब प्रशंसा किए सभी लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाया और माला पहनाकर विदाई किया। साथ ही सिरसा चौकी के दरोगा आफताब आलम सहित समस्त स्टाफ ने भी माला फूल से विदाई किया नगर पंचायत सिरसा चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेजा, एम० एल० पब्लिक स्कूल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि सुशील केशरी,सत्यप्रकाश गुप्ता,लखन केशरी,धीरज अग्रवाल, भोला नाथ सोनकर,राजकुमार केशरी,बृजेश पाण्डेय,पवन यादव,रामकैलाश कनौजिया, सुरेश यादव सभसद, मोनू मिश्रा सभासद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम शुभम यादव को दी गई तहसील कोरांव की जिम्मेदारी



**रत्योरा।** एसडीएम कोरांव रहे योगेंद्र सिंह की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने तबादला कर दिया है। जिनके स्थान पर युवा व तेजतर्रार एसडीएम शुभम यादव को तहसील कोरांव की कमान सौंपी गई है। ज्ञातव्य हो कि 2017 बैच के पीसीएस अफसर शुभम यादव को बारा तहसील से कोरांव का एसडीएम बनाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम योगेंद्र सिंह की शिकायत लगातार की जा रही थी। इनके कार्यकाल में इनके अधीनस्थ कर्मचारियों में भी अवैध वसूली को लेकर विवाद हो चुके हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने तबादला कर दिया और तेजतर्रार अधिकारियों में शुमार एसडीएम शुभम यादव को कोरांव में तैनाती दी गई है। लंबित जमीनी विवाद व लंबित मुकदमों को निपटाने की नवागत युवा एसडीएम शुभम यादव के समक्ष चुनौती भी है। क्षेत्र में सर्वाधिक जमीन के विवाद हैं उन विवादों का निपटारा करना इनकी प्राथमिकता होगी।

### सरगम मेला : कलात्मक चौकी देखने को सुबह तक रही भीड़



**नैनी।** सरगम के दशहरे में उच्चाधिकारियों के आदेश पर नैनी थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा एवं नैनी थाना एस एस आई अजय कुमार सिंह एवं छिवकी चौकी इंचार्ज संदीप यादव उमाशंकर सिंह एवं समस्त चौकी इंचार्ज की अगुवाई में नैनी थाने की नियुक्ति की हुई एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम के सदस्यों ने रात्र के 3:00 बजे दशहरे के मेले को शांति सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराया। एसपीओ प्रभारी अशीष जयसवाल अपने पूरी टीम के साथ मेले में सुरक्षा व्यवस्था है मैं लगे थे वही नैनी थाना प्रभारी सुरेंन्द्र कुमार वर्मा एवं अजय कुमार सिंह एसएसआई को सरजू सिंह रोशनी कमेटी के पदाधिकारियों ने नैनी कोतवाल एवं समस्त चौकी इंचार्ज को मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए सम्मानित किए।

### आदर्श रामलीला समिति द्वारा कांटी में रामविवाह का हुआ मंचन



**जसरा।** विकास खंड जसरा के अन्तर्गत कांटी में श्री आदर्श रामलीला नाट्य समिति के तत्वाधान में रविवार को राम विवाह का मंचन किया गया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की बारात बड़े उत्साह से डीजे,रोड लाइट के साथ गांव की समस्त गलियों से होकर गुजरी। जिसमें सभी ग्रामीण गाजे बाजे की धुन पर जमकर थिरके। मंचन में विवाह से सम्बंधित समस्त विधियों का प्रहसन किया गया। नाई व नाउन की झड़प में दर्शक आनन्दित हुए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय, संयोजक लल्लू प्रसाद त्रिपाठी, श्यामकृष्ण पाण्डेय, पिंटू मिश्रा सहित सैकड़ों दर्शकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# किसानों की तरक्की के लिए सतत प्रयासरत : राजमणि कोल

## ब्लॉक परिसर में विकासखंड स्तरीय कृषि मेला एवं गोष्ठी आयोजित






**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** विधानसभा कोरांव के किसानों की तरक्की के लिए सतत प्रयासशील हूं। और किसानों के हक एवं अधिकारों तथा सम्मान के साथ-साथ विकास की लड़ाई लड़ते हुए क्षेत्र के किसानों की उन्नति कैसे हो इस पर लगातार काम कर रहा हूं।

यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने विकासखंड परिसर कोरांव में आयोजित विकासखंड स्तरीय कृषि मेला एवं गोष्ठी को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कृषि मेला एवं संगोष्ठी में उपस्थित क्षेत्रीय किसानों को कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने के क्रम में लगातार काम कर रहीं हैं। 50 प्रतिशत के अनुदान पर कृषि उपकरण सोलर पंप समेत कई अन्य उपकरण किसानों को मुहैया कराए जा रहे हैं। नियमानुसार आवेदन कर किसान इन योजनाओं का लाभ उठाएं निश्चित तौर पर किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकारें कृत संकल्पित हैं। विधायक ने आगे कहा कि धरती माता को हम किसान लोग चीरते हैं उनसे रक्त नहीं बल्कि भरण पोषण व तरक्की के लिए अनाज देने का काम करती हैं। इसलिए धरती माता का उपहास नहीं बल्कि उनकी पूजा करनी चाहिए और सभी किसानों को मन लगाकर अपनी खेती करनी चाहिए जिससे वे तरक्की की ओर अग्रसर हो सके। किसान गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने भी किसानों को संबोधित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी में उपस्थित रहे जिला भूमि संरक्षण अधिकारी प्रयागराज गौरव प्रकाश ने किसानों के हित में भूमि संरक्षण विभाग से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार सुरेश दुबे कृषि सलाहकार ने भी किसानों को अनुदान समेत कई जानकारियां दी। गोष्ठी को भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, बबुआन द्विवेदी, , बीटीएम सुरेंद्र कुशवाहा समेत कई वक्ताओं ने संबोधित कर किसानों को जानकारियां दी। कार्यक्रम समापन के अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि सुरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव व राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी उदय राज के द्वारा आए हुए अतिथियों एवं क्षेत्रीय किसानों तथा अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**मनरेगा से सिंचाई नाली खुदाई कार्य का किया गया शुभारंभ :** कृषि मेला एवं गोष्ठी में उपस्थित किसानों के समक्ष ही विधायक राजमणि कोल के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनातर्गत सिंचाई नाली खुदाई कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक राजमणि कोल ने कहा कि सरकार हर खेत को पानी देने के लिए नहरों से लिंक सभी नालियों की खुदाई मनरेगा से कराने का निर्णय लिया है। जिसके क्रम में खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से नहरों से जुड़ी समस्त नालियों की खुदाई कराई जाएगी। इस बाबत खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की उन्नति सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जिसके क्रम में किसानों के हर खेत को पानी देने के लिए नहरों से जुड़ी सभी नालियों की खुदाई मनरेगा से कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। अभी तक ग्राम प्रधानों के सहयोग से कुल 180 नालियों की सूची उपलब्ध कराई गई है। जिनमें सभी नालियों की खुदाई का कार्य प्रस्तावित है। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि जिस किसी गांव में कोई ऐसी नाली हो जो सीधे नहर से लिंक हो उसकी सूचना ग्राम प्रधान के माध्यम से दिलवाए उस नाली की तत्काल खुदाई व मरम्मत कराई जाएगी।

**विधायक ने किसानों को बांटे निशुल्क उन्नति किस्म के बीज :** विधायक राजमणि कोल ने क्षेत्रीय किसानों को किसान मेले में निशुल्क उन्नति किस्म के बीजों का वितरण भी किया। सभी सूचीबद्ध किसानों को सरसों एवं मसूर के बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण के दौरान कोराओं में तैनात सजी बीटीएम सहायक विकास अधिकारी कृषि सुरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी उदय राज यादव समेत ब्लॉक के कई कर्मचारी लगे रहे नियमानुसार सभी किसानों को बीज का वितरण किया गया विधायक राजमणि कोल ने गोष्ठी में उपस्थित सभी किसानों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## जसरा में आयोजित किया गया कृषि मेला

**जसरा।** विकास खंड जसरा के प्रांगण में कृषि मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक डॉक्टर वाचस्पति उपस्थित रहे। डॉ० वाचस्पति ने उपस्थित लोगों से रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद के उपयोग का उपयोग करने पर बल दिया,साथ ही उन्होंने आवारा गोवंशो के प्रति किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि वह अपने गोवंशों को लावारिस होने तथा अपने गौशाला में ही रखें। क्योंकि यही गोवंश लोगों की खेती को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय विधायक ने क्षेत्र के दर्जनों किसानों को सरसों व मसूर के बीज का पैकेट प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह, सीवीओ डा०आर पी०राय, खंड विकास अधिकारी डॉक्टर सपना अवस्थी, डा०सुनील मिश्र, मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ल, राजाबाबू पाठक, मंत्री कमलेश त्रिपाठी, नीरज केसरवानी, विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, एडीओसी राकेश सिंह,एडीओ एजी जमालुद्दीन अंसारी, ज्ञानेन्द्र पाठक, राजकीय बीज भंडार प्रभारी कमाल अहमद सिद्दीकी, जयवीर सिंह, अवनीश मिश्रा, गौतम सिंह,बीरेन्द्र पाठक, लालमणि मिश्र, अरुण मालवीय, मेला राम, मुलायम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### शंकरगढ़ में आज लगेगा किसान मेला

**शंकरगढ़।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 18 अक्टूबर को विकास खंड परिसर शंकरगढ़ में ब्लाक स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। किसान मेले में फसलों के बीजों की उपलब्धता, बीजों पर अनुदान की व्यवस्था, रबी की तैयारी, फसलों के प्रबंधन,धान की फसल के अवशेष का प्रबंधन, किसान सम्मान निधि आदि की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कृषि विभाग ने समस्त क्षेत्रीय किसानों से 18 अक्टूबर को सुबह दस बजे से ब्लाक परिसर में पहुंचकर मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

### पति पत्नी ने पुलिसकर्मी पर दर्ज कराए दो मुकदमे

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में पति पत्नी ने एक पुलिसकर्मी व उसके भाई पर धमकी, चोरी व तोड़फोड़ का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सावित्री नगर नई झूंसी निवासी वैजनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि बधावा ताहिर पुर में उनका 108 पर गज का प्लाट है जिस पर वह 5 महीने पहले निर्माण करा रहे थे। कुसुमीपुर के राजेंद्र प्रसाद जो कि पुलिस विभाग में क्लर्क है उन्होंने फोन पर बैजनाथ श्रीवास्तव को जान से मारने की धमकी दी पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी कि 2 दिन पहले बैजनाथ की पत्नी अधिवक्ता कोमल ने भी राजेंद्र प्रसाद व उनके भाई रामजी यादव आरोप लगाते हुए दोनों भाइयों को रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात में दोनों भाइयों ने पूरा मकान गिरा दिया और अंदर रखा सामान उठा ले गए पुलिस दोनों भाइयों पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# हमारा देश प्रदेश स्वच्छ, स्वस्थ्य रहे यही हम लोगों का प्रयास : ब्लॉक प्रमुख

**अखंड भारत संदेश**



**धनूपुर।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के तत्वावधान में सोमवार को धनूपुर ब्लाक के स्वयंसेवक मनीष शुक्ला द्वारा स्वच्छता श्रमदान अभियान व युवा महोत्सव प्रयागराज आगाज का आयोजन आरडीएम इंटरमीडिएट कॉलेज धनूपुर प्रांगण में सम्पन्न हुआ । ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न गांव से हजारों युवाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव व सहायक विकास खंड अधिकारी धनूपुर अरुण यादव व प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद शुक्ला ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण करके किया। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर झंडा दौड़ प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता को सर्टिफिकेट राशि देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्योति यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में छिपी प्रतिभा को नई ऊर्जा मिलती है। नेहरु युवा केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल हमारे घर, सड़क तक के लिए ही जरूरी नहीं होती है बल्कि यह देश और राष्ट्र की आवश्यकता होती है इससे हमारा घर, आंगन एवं पूरा देश भी स्वच्छ रहेगा ।प्रतिनिधि होने के नाते मैं स्वयं आज कचड़ा प्लास्टिक मुक्त अभियान का हिस्सा बनी हूं और स्वयं कचरा उठाकर अपने ब्लॉक को स्वच्छ सुंदर बनाऊंगी। विशिष्ट अतिथि सहायक विकास खंड अधिकारी अरुण यादव ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र कार्यक्रम करके युवाओं में जागरूकता एवं उत्साह बढ़ाने का काम कर रहा है। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार की सराहनीय कोशिश है। देखा जाए तो, अपने आस-पास साफ-सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर सभी को अपनी जिम्मेदारियों का आभास होता, तो इस अभियान की जरूरत ही नही पड़ती ।विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य यमुना प्रसाद शुक्ला ने कहा कि कितनी शर्मिंदगी की बात है कि हर कोई अपना घर तो जरूर साफ करता है, लेकिन अपनी सारी गंदगी, कूड़ा-कचरा बाहर, गलियों, सड़को और चौराहों पर फेंक देते है ये नहीं सोचते कि पूरा देश ही हमारा घर है इसे भी साफ रखना हमारा ही काम है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धनूपुर ब्लाक मनीष शुक्ला ने कहा स्वच्छ भारत के माध्यम से विशेषकर शहर के साथ ग्रामीण अँचल के लोगो के अंदर जागरूकता पैदा करना है कि वो शौचालयों का प्रयोग करें, खुले में न जाये। अंत में युवा महोत्सव प्रयागराज में होने वाले प्रतिभागियों का चयन भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व स्वयंसवेक सुमित तिवारी, प्रवीण दुबे, प्रमिल मिश्रा, खेल शिक्षक गुलाब चंद्र मौर्य, लक्ष्मीकांत एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्यापकगण तथा क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## मनमोहक धनुष यज्ञ के मंचन पर दर्शक हुए भावविभोर

**^सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी चकिया घरहरा द्वारा गणेश बल्लभ द्विवेदी के निर्देशन में चल रही रामलीला मंचन में रविवार को धनुष यज्ञ लीला की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंचन में राजा जनक के संकल्प के अनुसार सीता स्वयंवर में उपस्थित कई देशों के राजाओं ने धनुष तोड़ने की बहुत कोशिश की परंतु कोई भी शिव धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह देख कर जनक का मन ग्लानि से भर उठा और उन्होंने कहा कि क्या इस पृथ्वी पर वीरों की कमी है जो कोई भी राजा इसे तोड़ नहीं पा रहा है। यह सुनकर वीर लक्ष्मण क्रोध से भर उठे और कहा सच्चे योद्धा सच्चे क्षत्रीय अपमान नही सह सकते हैं......। जिससे लखनलाल को क्रोधित होते देख भगवान श्रीराम ने गुरु की आज्ञा लेकर धनुष का खंडन किया। धनुष टूटते ही पंडाल में उपस्थित दर्शकों ने जय श्री राम का उद्घोष करने लगे। अंत मे परशुरामजी ने सोंचा कि विष्णुअवतार के अतिरिक्त कोई भी धनुष का खंडन नहीं कर सकता। इस शंका के समाधान के लिए उन्होंने श्री राम को अपना धनुष देते हुए कहा, राम रमापति कर धनु लेहूँ। खैचहिं चाँप मिटहिं सन्देहूँ।। जब राम ने प्रत्यंचा चढ़ा दी तो भगवान के चरणों मे परशुराम गिर पड़े। आदर्श रामलीला में कलाकारों मंचन देखकर दर्शकों ने करतल ध्वनि से जय जयकार करते हुए भक्ति रस में डूब गए। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, सचिन मिश्रा, मंत्री धनञय शाश्वत, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, आलोक गुप्ता, शुभम मौर्या, प्रज्वल पांडेय, शुभाष पांडेय, कृष्ण कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सूर्पनखा नकटैया खरदूषण बध जटायु मरण का हुवा मंचन



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के द्वारा सुपनखा वन में श्रीराम से विवाह का प्रस्ताव रखती है। समझाने से भी नहीं मानती है तो खुद ही क्रोधित होकर लक्ष्मण सुपर्णखा के नाक-कान काट देते हैं। तब वह अपने भाई रावण के पास जाती है, रावण ने हाल देखकर क्रोधित होता है और छल से सीता माता का हरण कर लंका ले जाता है। खरदूषण महाबलशाली राक्षस थे जो दंडक वन में निवास करते थे। खर और दूषण लंका के राजा रावण के सौतेले भाई थे। पुष्पोत्कटा से और दूषण वाका से ऋषि विश्रवा के पुत्र थे। जब लक्ष्मण द्वारा सुपर्णखा की नाक-कान काट दी जाती है। तो उसका बदला लेने के लिए पहले खर और बाद में दूषण आता है दोनों से प्रभु श्री राम जी से भयंकर युद्ध होता है अंततः दोनों मारे जाते हैं। सीता माता के करुण विलाप को सुनकर जटायु ने रावण को ललकारा और राजा रावण से भयंकर संग्राम हुआ और अंत में रावण ने तलवार से उनके पंख काट डाले जटायु मरणासन्न होकर भी भूमि पर गिर पड़े। जटायु ने उनके मुख-कमल का दर्शन करते हुए उनकी गोद में अपना शरीर छोड़ दिया। इस सीन को देखकर दर्शक मन्त्र मुग्ध हो गए।

### धू-धू कर जल उठी लंकेश की सोने की लंका



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू की रामलीला में लंका में प्रवेश के हर द्वार पर राक्षसी सेना मुस्तैद थी। ऐसे में सीता मां को खोजते-खोजते हनुमान लंका में दाखिल हुए वहां पर उन्होंने खोज शुरू की वह हर घर में दस्तक दे रहे थे कुछ देर में वह अशोक वाटिका पहुंच गए। वहां पर पेड़ के नीचे बैठी सीता के दर्शन हो गए उन्होंने पेड़ से ही भगवान राम द्वारा दी गई अंगूठी को नीचे गिराया जिसे देखकर मां सीता विचलित हो गई इसके बाद हनुमान ने पेड़ से नीचे आकर पूरी जानकारी दी। बाद में भूख मिटाने के लिए वह अशोक वाटिका में लगे फलों को तोड़कर खाने लगे पौधों को भी नुकसान पहुंचाना शुरू किया इसकी जानकारी पाकर सैनिक वहां पहुंचे, जिसे मारकर भगा दिया। इसके बाद मेघनाद ने हनुमान को पकड़ लिया वह उसे लेकर दरबार में हाजिर हुए रावण ने उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने सोने की लंका को जलाकर राख दिया।

### जब कैकेई ने राम के लिए मांगा चौदह वर्ष का वनवास ....



**घूरपुर।** जय मां शारदा रामलीला नाट्य समिति परसरा बसंती के मंच पर रविवार की रात राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। दशरथ और कैकेई का संवाद सुन दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए । कैकेई के द्वारा राम को चौदह वर्षों का वनगमन और भरत को राज्य मांगते ही दशरथ बदहवास हो गए । रामलीला के मंचन के पूर्व सबसे पहले प्रथम पूज्य गणेश की वंदना की गई । उसके बाद मंच पर चक्रवर्ती नरेश दशरथ का दरबार लगा । दशरथ ने अपना मुकुट सही करते अचानक देखा कि उनके कानों के समीप के बाल स्वेत नजर दिखाई दे रहें। उसके बाद दशरथ को आभास हुआ कि अब उनका चौथापन आ गया है ,इस लिए उन्हें अब ज्येष्ठ पुत्र राम को राज्य का प्रभार सौंप खुद वन में जाकर तपस्या करना चाहिये । महाराज दशरथ उक्त बातें जाकर अपने गुरुदेव वशिष्ठ से बताई तो उन्होंने राम को राज्य देने की सहमति जताई । राम के राज्य की सूचना जैसे ही देवताओं को हुई तो उन्होंने मां सरस्वती की पुकार की और सरस्वती ने कैकेई की प्रिय दासी मंथरा की मति फेर दी ।कैकेई के पास पहुंची मंथरा ने राजा दशरथ के प्रति जहर घोला और अपने दो वरदानों को मांगने की बात कही और कोपभवन में भेज दिया । इधर शाम के समय राम को राजा बनाये जाने की सूचना देने के लिए कैकेई के महल की ओर दशरथ पहुंचे तो एक दासी ने बताया कि महारानी कैकेई कोपभवन में है ।यह सुनते ही राजा दशरथ भौचक्क रह गए ।किसी तरह अपने को संभालते हुए दशरथ कैकेई के पास कोपभवन पहुंचे तो नजारा देख स्तब्ध रह गए और कैकेई को कोपभवन में आने का कारण पूंछने लगे ।काफी मनौअल के बाद कैकेई ने राम की शपथ खिलाने के बाद भरत को राज्य और राम को चौदह वर्ष के लिए वनवास मांग लिया । राम को वनवास मांगते ही दशरथ वदहोश हो भूमि पर गिर गए । दशरथ का करुण क्रंदन भरा विलाप सुन दर्शकों की आखों में पानी आ गया । साथ ही राम लक्ष्मण और सीता के बीच हुए संवाद को कलाकारों ने प्रस्तुति की जिसे देख लोग भाव विभोर हो गए । मंचन में व्यास गद्दी पर शिवाजी द्विवेदी,छविनाथ द्विवेदी,रामगरीब, आलोक त्रिपाठी ,भूपेंद्र पाठक,राजधर द्विवेदी,जागृत कुमार पांडेय,अविनाश त्रिपाठी ,अभिषेक शुक्ल, अजय द्विवेदी,बुद्धिप्रकाश द्विवेदी,शशिकांत पांडेय,लालमन पाल, शुभम,शशिकांत पांडेय,प्रधान माधुरी मन आदि लोग मौजूद रहे ।

### खबर संक्षेप

## पिकप की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय घायल

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर शहर की ओर जा रहे एक डिलीवरी बॉय को पिकप ने टक्कर मार दी। भाग रही पिकप को ट्रैफिक सिपाहियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया टक्कर से घायल डिलीवरी ब्वॉय की हालत नाजुक बताई जा रही है जिसका एसआरएन में इलाज चल रहा है।

धूमनगंज निवासी अजीत कुमार पटेल 30 जोमैटो में डिलीवरी बॉय बताया जा रहा है सोमवार की शाम वह झूंसी से डिलीवरी कर लौट रहा था तभी झूंसी पुलिस के पास अनियंत्रित पिकप डिलीवरी बॉय अजीत की बाइक में टक्कर मारते हुए भाग रही थी जिसे पुलिस बूथ पर मौजूद ट्रैफिक सिपाहियों ने पकड़ लिया मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस घायल अजीत कुमार को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# युवक की नृशंस हत्या, सिर व निजी अंग काटकर जला दिया धड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करछना के भीरपुर में 25 वर्षीय युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने सिर व निजी अंग काटकर अलग कर दिए। फिर धड़ को जला दिया। मृतक के बिहार निवासी सूरज गुप्ता होने की आशंका है। \

अफसरों का कहना है कि परिजनों के आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा। हत्या किसने और क्यों की, यह पता लगाया जा रहा है। भीरपुर के मदार्पुर गांव के सामने प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे के बगल में अनमोल ढाबा है। यह काफी समय से बंद पड़ा है। सोमवार सुबह ढाबे के बगल में युवक की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सिर व निजी अंग काटने के बाद हत्यारों ने धड़ को जला दिया था। सूचना पर पुलिस के साथ ही सीओ करछना अजीत सिंह चौहान व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित भी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को भी बुलवाया गया। आसपास के जंगलों तक कई किमी में तलाश की गई लेकिन सिर नहीं मिला। मृतक के हाथ में त्रिशूल व ओम गोदवाया गया था। साथ ही कपड़ों से एक पर्स मिला, जिसमें कुछ कागज के टुकड़े मिले।इन पर लिखे नंबरों पर सपंर्क करने पर बिहार के बक्सर निवासी सुनील व अक्षत से बात हुई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त हुलिया उनके गांव के सूरज गुप्ता का है। वह वायरिंग का काम करता है। पांच दिन पहले वह दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद से वह गायब है। दोनों के माध्यम से परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को मर्चरी भेजवा दिया। हालांकि देर रात तक परिजन नहीं पहुंचे थे।




घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

### कुछ दूर पर मिले ग्लास व नमकीन के पैकेट

घटनास्थल से कुछ दूर पर ही पुलिस को खाली ग्लास व नमकीन के पैकेट मिले। आशंका यह भी है कि हत्यारों ने पहले शराब पी और फिर घटना को अंजाम दिया। एक सवाल यह भी है कि क्या हत्या से पहले मरने वाले को शराब पिलाई गई। शिनाख्त के बाबत परिजनों के आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। अगर मृतक सूरज ही है तो सवाल है कि वह यहां कैसे पहुंचा। फरार अधेड़ की तलाश की जा रही है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर तफ्तीश की जा रही है।

**- सौरभ दीक्षित, एसपी यमुनापार**

### कपड़ों में मिला स्थानीय व्यक्ति का डीएल

एसपी यमुनापार व सीओ करछना ने जांच पड़ताल शुरू की तो एक चौंकाने वाली बात सामने आई। घटनास्थल के पास ही एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला। जांच में पता चला कि यह पचदेवरा निवासी फिरोज का है। पुलिस उसके घर पहुंची तो पता चला कि वह रविवार रात से ही गायब है। वह नशीली दवाओं की तस्करी में पहले जेल जा चुका है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उधर मृतक के कपड़ों से पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म टिकट मिला है।

### कत्ल की वजह क्या... आशनाई या कुछ और!

जिस तरह से हत्या की गई, उससे कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। सिर काटकर गायब करने और धड़ जलाने के पीछे माना जा रहा है कि हत्यारा यह चाहता था कि मृतक की पहचान न हो सके। उधर निजी अंग भी काटे जाने से आशनाई में कत्ल की भी आशंका है।

## अटाला बवाल में 28 के खिलाफ एनबीडब्ल्यू

**प्रयागराज।** अटाला बवाल मामले में वांछित चल रहे 28 आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। यह सभी चार महीने से फरार चल रहे हैं। खुल्दाबाद पुलिस की अर्जी पर कोर्ट ने वारंट जारी किया है। अटाला में 10 जून को जमकर बवाल हुआ था। यहां पुलिस पर पथराव व सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ के साथ ही फायरिंग भी की गई थी। इसमें कई पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। मामले में कुल 106 लोगों को नामजद कराया गया था। जबकि अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान नामजद व कई अज्ञात समेत कुल 106 लोगों को जेल भेज दिया। हालांकि 33 आरोपी ऐसे हैं, जो पकड़े नहीं जा सके। इनमें से 28 के खिलाफ सोमवार को कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो गया। खुल्दाबाद पुलिस ने इसके लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। सीओ कोतवाली सत्येंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि 28 आरोपियों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करा लिया गया है। वह तय अवधि के भीतर हाजिर नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**पांच इनामी भी पकड़ से दूर :** अटाला बवाल मामले में पांच इनामी भी पकड़ से दूर हैं। आरोप है कि यह वह लोग हैं जिनकी बवाल में भूमिका सामने आई थी। इनमें एआईएमआईएम शाह आलम, पार्षद फजल, उमर खालिद, जीशान और आशीष मित्तल शामिल हैं। इन सभी पर 25-25 हजार का इनाम घोषित है। सीओ ने बताया कि सभी की तलाश की जा रही है।

# कटरा में अतिक्रमण हटाने का जबर्दस्त विरोध, लौटा दस्ता



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** कटरा और मम्फोर्डगंज में अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम के दस्ते को जबर्दस्त विरोध का सामना करना पड़ा। नगर निगम का दस्ता सोमवार को कटरा में अतिक्रमण हटाते हुए आगे बढ़ा। यहां एक दुकान का छज्जा और नाले पर स्लैब तोड़ने का विरोध शुरू हो गया। विरोध इतना बढ़ा कि दस्ते को बीच में कार्रवाई रोकनी पड़ी।नेतराम चौराहा पर एक दुकान के सामने छज्जा तोड़ते ही व्यापारियों ने विरोध शुरू किया। विरोध चल रहा था कि मौके पर क्षेत्र के पार्षद आनंद अग्रवाल और एक भाजपा नेता वहां पहुंच गए। भाजपा नेता और जोनल अधिकारी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भाजपा नेता जोनल अधिकारी का कॉलर पकड़ लिया। चौराहे पर स्थिति तनावपूर्ण देख नगर निगम के दस्ते ने कार्रवाई रोक दी।

## धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव, आएंगे लक्खा

**प्रयागराज।** बड़े हनुमान मंदिर परिसर में इस बार हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 22 से 24 अक्तूबर के बीच भव्य आयोजन होंगे। बाघंबरी मठ के महंत बलवीर गिरि ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा प्रस्तुति देंगे। 22 अक्तूबर को सुबह महागणपति हवन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। शाम को कलश स्थापना, सुदर्शन हवन होगा। 23 अक्तूबर रविवार को हवन पूजन, अभिषेक और श्रृंगार आरती होगी। शाम सात बजे सामूहिक सुंदरकांड का पाठ अजय याज्ञिक की ओर से किया जाएगा। इसके बाद आठ बजे भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की ओर से भजन संध्?या की प्रस्तुति होगी। इसके बाद छप्?पन भोग के दर्शन होंगे। छप्पन भोग में विशेष 51 किलो का लड्डू का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 24 को सुबह बाघंबरी मठ में जप और शाम को वास्तु पूजा, हवन होगा।

# जीवन को वैज्ञानिक सोच बनाने पर समाज में प्रगति आएगी : प्रो. के बी पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** अटल बिहारी नगर नैनी जीवन में लक्ष्य होना चाहिए,लक्ष्य के बिना जीवन अधूरा है आप सब अर्जुन हैं और गुरु द्रोण है यह बातें प्रो0 के बी पांडेय पूर्व कुलपति ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट ने विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विज्ञान प्रदर्शनी व मेले का आयोजन संजीवनी संस्था द्वारा अंकित विद्या निकेतन इंटर कॉलेज अरैल अटल नगर (नैनी) में तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कही प्रो0के बी पांडे ने कहा विज्ञान के बिना जीवन संभव नहीं है विज्ञान का मतलब विशिष्ट ज्ञान और सफलता तभी संभव है जब आप अपना जीवन वैज्ञानिक बनाएंगे। जीवन को वैज्ञानिक सोच बनाने पर समाज में प्रगति आएग डॉ चंद्रभूषण पांडेय स्वतंत्र निदेशक राष्ट्रीय केमिकल फर्टिलाइजर लिमिटेड भारत सरकार ने संबोधन में कहा कि पर्यावरण के बिना किसी का भी जीवन सुखी नहीं हो सकता। हमारी प्रकृति और शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है। आप सोचिए अगर प्रकृति बीमार हो जाय तो क्या जीवन सुखी रह सकता है। धरती बीमार न पड़े इसके लिए मैं सभी बच्चों से कहता हूँ कि आप लोग भी अपने घरों के आसपास पेड़ अवश्य लगाएं,पेड़ों से भी प्यार करें पेड़ों को प्रणाम करें। जिससे प्रकृति वातावरण स्वस्थ होने पर कोई बीमार नहीं होगा। तो हम वैज्ञानिक रूप से स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ेंगे। मनोवैज्ञानिक डॉ प्रमोद पांडेय ने कहा मन की स्थिति को बचपन से ही लक्ष्य बनाकर अध्ययन करें तो निश्चित तौर से जीवन में समृद्धि आएगी।इससे पहले फीता काटकर प्रोफेसर के बी पांडेय, डॉ चंद्रभूषण पांडे,डॉ प्रमोद पांडेय ने शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में लगे चित्र भारत के वैज्ञानिकों के द्वारा शोध और उनके जीवन में को देखा।बच्चों ने मैजिक खेल का आनंद लिया। इस मौके पर प्रबंधक अनिल मिश्रा, प्रधानाचार्य सीताराम त्रिपाठी, संचालक विद्यासागर मिश्र,कार्यक्रम आयोजक उदित नारायण शुक्ल, भाजपा नेता व मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी सहित ज्ञान भारती, सरस्वती बाल मंदिर,संगम मॉडल,स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज कल्याणी देवी,बाल भारती, बाल विकास इंटर कॉलेज सहित 30 स्कूलों के विद्यार्थी विज्ञान प्रदर्शनी व मेले में उपस्थित रहे।

**पर्यावरण के बिना किसी का भी जीवन सुखी नहीं हो सकता : डॉ चंद्र भूषण पाण्डेय**

**अंकित विद्या निकेतन इंटर कॉलेज अरैल अटल बिहारी नगर में तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ हुआ**

## न्यूज झरोखा

### परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है : स्वामी वासुदेवाचार्य



**धनूपुर।** श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्र सुदर्शनपुरी धनूपुर प्रयागराज प्रांगण में विंशति श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ विश्वकल्याणार्थ का आयोजन रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा किया गया है। सोमवार को व्यास पीठ से रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य जी महाराज विद्या भास्कर कोशलेश सदन, अयोध्या ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है।पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। इस अवसर पर रामानुजाचार्य स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी, उपाचार्य मदन गोपाल मिश्रा, आचार्य अंबुज द्विवेदी, ईश्वरचंद्र शुक्ल, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुज महाराज, जवाहरलाल गौड़, चंद्रकांत पांडेय, शेखर तिवारी, सुनील तिवारी, धर्मेंद्र पांडेय, वेद तिवारी शास्त्री, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षहर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल एवं दर्जनों प्रकांड विद्वानों विंशति श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का मंत्रोच्चारण किया जा रहा है।

### गुरु गोरखनाथ योग के जनक थे : शिवनाथ योगी



**झूंसी।** भारतीय संस्कृति एवं साहित्य संस्थान तथा अखिल भारतीय हिंदी महासभा काशी प्रांत की ओर से नाथपंथ एवं प्रतिष्ठानपुर विषय पर एक विशेष कार्यक्रम सोमवार को केंद्रीय विद्यापीठ प्रतिष्ठानपुर झूंसी के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उड़ीसा से आए महंत शिवनाथ योगी, विशिष्ठ अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. विजय कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. विजयानन्द ने की एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.अरुण कुमार त्रिपाठी थे। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए महंत शिवनाथ योगी ने बताया कि भारत ही नहीं अपितु नेपाल, वर्मा सहित कई देशों में नाथपंथ के अनुयाई विद्यमान हैं। गुरु गोरखनाथ योग के जनक थे। उन्होंने पतंजलि से पहले हठयोग को प्रसारित किया था। प्रतिष्ठानपुर नाथ योगियों की साधना स्थली रही है, इसलिए यहाँ पर एक नाथपंथ का मठ बनना चाहिये। डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा-गुरु गोरखनाथ, मच्छेंद्रनाथ जी की संत परंपरा का तादात्म्य प्रतिष्ठानपुर से है। इस अवसर पर डॉ. उमाशंकर अग्निहोत्री की पुस्तक श्रद्धांजलि तथा अन्य कविताएं का लोकार्पण भी हुआ। कार्यक्रम में सर्वश्री डॉ. अरविंद राम, कृष्ण मोहन तिवारी, ज्योतिशंकर चौबे, धीरज झा, राम प्रकाश राय, दिनेशधर दुबे, राकेश श्रीवास्तव,गंगाप्रसाद त्रिपाठी, डॉ.नीलिमा मिश्रा,अभिषेक कुमार केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व विधायक का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा क्षेत्र की सबसे लोकप्रिय विधायक तथा भाभी मां के नाम से जाने जाने वाली भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया का जन्मदिन सोमवार को समर्थकों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।बता दें कि सोमवार को भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया का जन्मदिन लखनपुर आवास पर पार्टी के समर्थकों ने बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया।जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के मशहूर गायक सुजीत व मंजीत तिवारी बंधुओं ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।देर रात से ही पूर्व विधायक को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कहा कि जनता का प्यार और समर्थन उनकी जिम्मेदारी को बढ़ा देती है।विधायक ना होते हुए भी जिस तरीके से आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद मुझे मिल रहा आजिवन मैं ऋणी रहूंगी मेजा मेरे दिल में है। जन्मदिन के अवसर पर भारी संख्या में मौजूद लोगो के द्वारा बधाई देने का ताता लगा रहा।इस अवसर पर लखनपुर प्रधान नीलम तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्ना शुक्ला शुक्ला इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय धीरज द्विवेदी व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय मेजा ब्लॉक प्रमुख गंगा मिश्रा चांद मोहम्मद चंदू राजू तिवारी उरुवा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम सिद्धांत तिवारी विजय कांत मिश्रा जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र शुक्ला शैलेश पांडे सोनू शुक्ला राहुल द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।



पूर्व विधायक नीलम करवरिया का स्वागत करते लोग

## जनपद के कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने जनपद के उपजिलाधिकारियों, अपर नगर मजिस्ट्रेट के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जिलाधिकारी की तरफ से जारी किए गए आदेश में सभी को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए आदेशित किया गया है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की तरफ से जारी आदेश में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत आईएएस सुयान अब्दुल्लाह को एसडीएम बारा के पद पर तैनाती दी गई है। इसी क्रम में अपर नगर मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) के पद पर रहे गणेश कुमार कनौजिया को एसडीएम करछना, एसडीएम करछना रेनू सिंह को डिप्टी कलेक्टर (मुख्यालय), एसडीएम बारा शुभम यादव को एसडीएम कोरांव, एसडीएम कोरांव योगेंद्र सिंह को डिप्टी कलेक्टर (मुख्यालय), नवागत एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह को अपर नगर मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) के पद पर तैनाती दी गई है। इसी क्रम में नवागत एसडीएम प्रेम नारायण को डिप्टी कलेक्टर के पद पर भेजा गया है।



## बांदा से आकर युवक ने पुल से लगाई छलांग

**नैनी।** गांव के कुछ लड़कों की हरकतों से परेशान एक युवक ने बांदा से आकर सोमवार सुबह नैनी नए पुल से यमुना में छलांग लगा दी। जिस वक्त उसने छलांग लगाई उसी वक्त उत्तर प्रदेश पुलिस वाटर स्पोर्ट्स टीम के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे। सिपाही विनोद कुमार, शनि मिश्र, आशुतोष यादव और रामसरन युवक को बचाने के लिए स्पोर्ट्स बोट से पहुंच गए। डूबने से पहले युवक को बचा लिया गया। पूछताछ में पता चला कि पुल से कूदने वाला युवक बांदा जिले के पलानी डेरा गांव का निवासी आशीष निषाद है। आशीष का निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। ठीक होने के बाद उसे कीडगंज पुलिस थाने लेते गई। पुलिस ने उसके घर वालों को सूचना दे दी है।

## स्टेनोग्राफर के परिणाम में 764 को सफलता

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग ने सोमवार को स्टेनोग्राफर ग्रेड सी एवं डी परीक्षा 2020 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया। स्टेनोग्राफर ग्रेड सी में 73 एवं स्टेनोग्राफर ग्रेड डी में 691 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। इस भर्ती के स्किल टेस्ट का परिणाम 23 सितंबर को घोषित किया गया था। इसमें स्टेनोग्राफर ग्रेड सी के लिए 227 और स्टेनोग्राफर ग्रेड डी के लिए 1982 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के लिए बुलाया गया था।

# अद संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

### अपना दल (एस) कार्यालय कोरांव पर दी गई श्रद्धांजलि



**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।**अपना दल (एस) विधानसभा कोरांव कार्यालय में दिनांक सोमवार को अपना दल के संस्थापक यशःकाई डॉ सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ0 हरिश्चंद्र पटेल ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल शोषित वंचित व कमेरा समाज के उत्थान के लिए खुद पार्टी बनाई थी और उनके हित की लड़ाई लड़ते हुए अपने आप को बलिदान कर दिया। आगे कहा कि पिछड़े समाज को एकजुट करने के मिशन को उन्होंने आगे बढ़ाते हुए अपने हक व अधिकारों से वंचित समाज के लोगों को जागरूक किया। जिससे आज हुए पूरे समाज के लिए एक आदर्श है। निश्चित तौर पर उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सम्राट राहुल मौर्य, विधानसभा महासचिव फूलचंद पटेल, नगर उपाध्यक्ष पंकज कनौजिया, अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह पटेल, त्रिलोकीनाथ पटेल, श्याम बाबू गुप्ता पूर्व बीडीसी, प्रेम शंकर पटेल, विजय भाई पटेल, जगतनारायण मौर्य, श्री राम कुशवाहा, मो0 अबरार हुसैन, शिवबालक कोल, गोपालकृष्ण पटेल, गोपाल जी केशरी नगर अध्यक्ष, शेरबहादुर आशीष यादव, गोपाल आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डा. सोने लाल पटेल का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस



**सहसों।** अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल का पार्टी कार्यकताओं द्वारा शिवाजी गार्डेन सहसों के प्रांगण में सोमवार को परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मड़ियाहू विधायक डॉ आर के पटेल ने डॉक्टर सोनेलाल पटेल के छाया चित्र पर पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ साहब महात्मा बुद्ध के सच्चे अनुयाई थे। उन्होंने कहा उन्हें अपनी नहीं बल्कि कमेरा समाज दलित, शोषित, वंचित वर्ग के उत्थान और अधिकार को दिलाने के लिए घर से बाहर निकलना पड़ा। आज हमारी पार्टी केंद्र और प्रदेश की सरकार में सामंजस्य बनाते हुए पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगापार जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पटेल ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव राकेश पटेल, ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख धनूपुर ज्योती यादव ने भी कार्यकताओं के बीच अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव किसान मंच बीडी गौड़, श्यामराज पटेल, बाबूलाल पटेल, राम बहादुर सरोज, भारत सिंह पटेल, जिला महासचिव आशीष पटेल, युवा कार्यकर्ता हिमांशू सिंह, धर्मराज पटेल बागी, प्रेमनारायण पटेल, सहित आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्थानीय निकाय के विजय हेतु भाजपाईयों ने बनाई रणनीति



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ।** नगर पंचायत शंकरगढ निकाय चुनाव बूथ प्रबंधन को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत निकाय चुनाव के वार्ड अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी,शक्ति केन्द्र संयोजक एवं नगर के चुनाव सम्बंधित कार्यकताओं की अतिआवश्यक संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के अध्यक्षता में सोमवार सायं 8:30 बजे से श्री राम वाटिका शंकरगढ में आयोजित की गई। जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी ने कहा बूथ को मजबूत कर हम सभी मोदी और योगी के योजनाओं को स्मरण कराते हुए पार्षदो को जिताकर पुनः नगर पंचायत अध्यक्ष बनाकर विकास रथ को निरंतर आगे बढाते रहना है। जिलाध्यक्ष विभवनाथ ने कहा जन-जन तक भाजपा की सरकार ने योजनाएं पहुचाई जनता सरकार की मुरीद है।हम सभी संगठन के कार्यो को समय से यदि पूरे करेगें तो जीत एतिहासिक होगी विपक्ष का पूरे प्रदेश में खाता नही खुलने वाला है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया की बैठक मे नगर पंचायत संयोजक जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल,नगर पंचायत समन्यवय व जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी,जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला,जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरूण सिंह, जिला आईटी संयोजक शतीश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, मसुरिया दीन वर्मा, गोपाल दास गुप्ता, राम खेलावन गुप्ता, सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी, उमा वर्मा, सलिल तिवारी, श्याम मिश्रा, करुणापति त्रिपाठी, उग्रसेन द्विवेदी, आदेश सिंह आदि के साथ भारी संख्या मे नगर पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सिरसा,कोरांव,भारतगंज मे भी इसी प्रकार बैठक सम्मन्न हो चुकी है।

## जिले में कोरोना के दो नए संक्रमित मिले

**प्रयागराज।** जिले में सोमवार को कराए गए 2341 लोगों के कोरोना टेस्ट में दो नए संक्रमित पाए गए। इस दिन तीन संक्रमित स्वस्थ हुए है। अब जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 29 तक पहुंच गई है।

**तुलारामबाग में ताला तोड़कर चोरी**

**प्रयागराज।** तुलारामबाग में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर दिनदहाड़े लाखों कीमत के गहने उड़ा दिये। तुलारामबाग निवासी वंदना सिंह ने जार्जटाउन पुलिस से शिकायत की है।पुलिस को बताया कि सोमवार को वह अपनी बहन के साथ शिल्प मेला देखने गई थी। शाम सात बजे वह घर लौटी तो दरवाजा खुला मिला।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1693823 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**विनायक पांडेय पुत्र शंकर लाल पांडेय निवासी ग्राम व पोस्ट लालापुर तहसील बारा प्रयागराज।**

## कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया पीएम किसान सम्मान सम्मेलन का सीधा प्रसारण, 540 कृषकों ने की सहभागिता

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एग्री स्टार्टअप कॉन्क्लेव और किसान सम्मेलन दो दिवसीय प्रोग्राम का आयोजन पूसा मेला ग्राउंड में किया गया। इस सम्मेलन के तहत सोमवार को प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 12 वीं किस्त रिमोट का बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से जारी की साथ ही 600 प्रधानमंत्री किसान सेवा केन्द्र व एक देश एक उर्वरक जो भारत ब्रांड के नाम से जाना जायेगा की शुरूआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को कृषि से संबंधित नई-नई जानकारियां दी गयी। साथ ही किसान कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप कैसे करें, इसके बारे में भी बताया गया। पीएम मोदी ने उद्घाटन करने के बाद किसानों से संवाद भी किया। वे कृषि और उससे सम्बन्धित क्षेत्रों में स्टार्टअप के संभावनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दिया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू प्रतापगढ़ में किया गया जिसमें 540 कृषक एवं कृषक महिलाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानकि एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, डा0 भाष्कर शुक्ला श्रीमती स्वाती दीपक दुबे, डा0 अवधेश सिंह, डा0 अमित बरनवाल, डॉव रणजीत सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, राम चन्द्र, जुगुल किशोर तिवारी, रविशंकर, जी0 आर0 पटेल उपस्थित रहे।



पीएम का सीधा प्रसारण देखते कृषकगण।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला कारागार का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुपम दुबे ने निरीक्षण किया एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक रमाकान्त द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार में 1230 बन्दी निरूद्ध है जिसमें 1062 विचाराधीन बन्दी है। इसमें महिला 25 तथा 1000 पुरूष एवं किशोर बन्दियों की संख्या 37 (18 से 21 वर्ष आयु समूह) है। सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 152 बतायी गयी जिसमें 05 महिला बन्दी व 147 पुरूष बन्दी शामिल है। जेल में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 07 बच्चे रह रहे है। महिला बैरिक में निरूद्ध 01 महिला बन्दी गर्भवती बतायी गयी।

## सीओपी नवीनीकरण शुल्क बढ़ने से नाराज अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

### नवीनीकरण शुल्क में संशोधन की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं के सीओपी नवीनीकरण शुल्क बढने से नाराजगी है। अलग-अलग अधिवक्ता संगठन इस विषय पर नाराजगी जताते हुए बार काउंसिल के पदाधिकारियों को ज्ञापन भेजकर कर संशोधन की मांग की गई है।

बुधवार को अपना दल एस विधि मंच के प्रांतीय सदस्य परमानंद मिश्र एडवोकेट ने बार कौंसिल आंफ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के जिलाध्यक्ष इंदुभाल मिश्र को देकर बताया कि कोरोना कालखंड के बाद से अधिवक्ता समाज की आय पर व्यापक असर पड़ा है। अधिवक्ता समाज की मदद की बजाए सीओपी नवीनीकरण शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, इससे परेशानी होगी।

इसके पहले भी जूबाए के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र सहित अन्य संगठन की ओर से शुल्क बढ़ोत्तरी पर संसोधन की मांग को लेकर ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन देने के दौरान राहुल शुक्ला, बृजेंद्र उपाध्याय, धीरेंद्र तिवारी, रंजन तिवारी, ममता पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष शिवेश शुक्ला, संतोष पांडेय सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।



जूबाए के जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण।

## समान ध्वनि तथा मात्रा का कविता सृजन में बहुत महत्वपूर्णः दयाराम

### बाल कवियों ने उत्कृष्ट काव्यपाठ से बंटोरी तालियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा सदर विकास क्षेत्र के गांव सरायदली में बच्चों में सृजनशीलता के विकास के लिए बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने कवियों ने पर्यावरण, देशभक्ति, माता-पिता की सेवा तथा शिक्षा इत्यादि विषयों पर सुंदर रचना पाठ करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सृजनशीलता कार्यशाला में कवि डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने उन्हें कविता लेखन के मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि समान ध्वनि तथा मात्रा का कविता सृजन में बहुत महत्व है। बाल कवि आयूष मौर्य, श्रवण कुमार, आदर्श मौर्य, सृष्टि पाल, नैन्सी पाल, खुशी पाल, जतिन पाल, अनन्या पाण्डेय, समर पाण्डेय तथा अपूर्व पाल की रचनाओं को खूब सराहा गया। छात्र आदर्श मौर्य ने बेहतरीन संचालन किया। अध्यक्षता आकाश मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि अनुराग मौर्य रहे। निर्देशन डॉ. दयाराम मौर्य श्रत्नश्ने किया। इस अवसर पर अभिभावक प्रेमदास मौर्य, आत्माराम मौर्य, वीरेंद्र कुमार मौर्य, जितेन्द्र कुमार मौर्य, शैलेन्द्र कुमार मौर्य, आरती मौर्य समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।



बाल कवियों की काव्य पाठ में बोलते कवि डा0 दयाराम मौर्य।

## हिस्ट्रीशीटर को ऊँचाहार पुलिस ने दबोचा

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाने में टॉप टेन व हिस्ट्री शीटर अपराधियो की सूची में से थाना क्षेत्र के अस्थान कुम्हारन का पुरवा निवासी श्यामू मौर्य पुत्र गुरु प्रसाद (30) वर्षीय हिस्ट्रीशीटर को सीमावर्ती थाना ऊँचाहार की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के पुराना बस अड्डा कस्बा ऊँचाहार से मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान रविवार की शाम एसएचओ संजय त्यागी व हम राही, मिठाईलाल, मृत्यंजय पांडेय, योगेश मिश्रा व देवेन्द्र कुमार ने गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर अवैध तमंचा 12 बोर के साथ एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने मु0अ0स0 618/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा।

## किसान से लाखों लूटने वाले चार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अभियुक्तों के पास से 2350 रुपये व मोटरसाइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने एक किसान के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में तीन सप्ताह बाद आज चार अभियुक्तों को पकड़कर पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया है। गिरफ्तार चारों आरोपी पड़ोसी जनपद अमेठी के गौरीगंज के निवासी हैं जिन्होंने नाम बदलकर किसान को एक कम्पनी का आदमी बताकर 50 हजार नकद व तीन लाख रुपये का चेक उससे लेकर चम्पत हो गये थे।

घटना के बारे में बताया जाता है कि 22 सितम्बर को वादी तहरीर के आधार पर थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 76/22 धारा 420 भादवि बनाम 04 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी को झांसे मे लेकर जमीन समतल/बैरिकेटिंग हेतु उसके खाते से तीन लाख पचास हजार रुपये निकलवा कर ले लेने के सम्बन्ध मे पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने घटना के बाद टीम गठित कर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में थानाध्यक्ष लीलापुर विनीत कुमार उपाध्याय मय हमराह चैकी प्रभारी कमौरा द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना में संलिप्त कारित करने वाले गिरोह के सदस्यों को थानाक्षेत्र के बोझवा मोड़ के पास से चार अभियुक्तों को रईस उर्फ मंसूर पुत्र मुगलखान निवासी एंधी थाना गौरीगंज अमेठी, सद्दाम हुसैन पुत्र हासीम निवासी एंधी थाना गौरीगंज अमेठी, हुसैन पुत्र दिलदार निवासी एंधी थाना गौरीगंज अमेठी व मो0 यासीम पुत्र कदम खां निवासी एंधी थाना गौरीगंज अमेठी को घटना से संबंधित कुल 2350 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में सम्मलित अन्य एक साथी प्रकाश में आया है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि साहब हम लोगों का एक गिरोह है जिसका सरगना गुड्डू पता अज्ञात है, जिसके साथ मिलकर हम लोग आसपास के जनपदों में सीधे साधे लोगों को निशान बनाकर अपने झांसे में लेकर जमीन समतली करण एवं वाउण्ड्री कराने के नाम पर अपने झांसे में लेकर बेइमानी से पैसा प्राप्त कर हड़प लेते हैं। आज हम लोग पुनः इकट्ठा होकर योजना बना रहे थे, कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय, उ0नि0 देवी दयाल कश्यप चैकी प्रभारी कमौरा मय टीम शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणो से छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी होने पर परिजनो मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के भइयापुर निवासी धर्मराज सरोज की पन्द्रह वर्षीया पुत्री खुशी एक स्थानीय विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा थी। बीती रात खाना खाकर परिजन अपने अपने कमरे मे सोने चले गये। देर रात छात्रा ने दुपटटे से फांसी का फंदा बनाया और उस पर लटकरकर जान दे दी। सुबह परिजनों ने छात्रा के शव को फांसी के फंदे से लटकता देखा तो कोहराम मच गया। छात्रा की मौत की जानकारी पर गांव वालों की मौके पर भीड जुट गयी। इस बीच सूचना पर उदयपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। परिजनो से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पूछताछ मे परिजन छात्रा के आत्महत्या करने की वजह नही बता सके। मृतका चार बहनों में दूसरे नंबर की थी। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की वजह साफ नही हो सकी है। पुलिस परिजनों से पूछताछ के आधार पर मामले की जांच कर रही है, शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा गया है।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डा0 सोनेलाल पटेल

### अपना दल (एस) ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपना दल (एस) के तत्वावधान में कमेरों, वंचितों, शोषितों, किसानों के मसीहा व्यवस्था परिवर्तन के महानायक अपना दल एस के संस्थापक डॉ० सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल की अध्यक्षता में संस्कार गार्डन प्रतापगढ़ में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव (पूर्व सांसद) उपस्थित रहे। संचालन का कार्य श्रवण पटेल जिला सचिव द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया औ? श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ० साहब किसानों, कमेरों, वंचितों, शोषितों के उत्थान के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। समाज में नई अलख जगाने वाले ऐसे महामानव को आज पूरा देश याद कर रहा है डॉ० साहब द्वारा समाज के प्रति किए गए संघर्षों का परिणाम ही है जो आज की नई पीढ़ी के लिए एक मिसाल साबित हो रही है। परमानन्द मिश्र ने कहा कि डॉ साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल ने कहा कि सोनेलाल पटेल समाज की विसंगतियों को भली भांति जानते थे। उन्होंने समाज को नई दिशा और दशा देने के लिए निरंतर काम करते रहे। कार्यक्रम में मिथिलेश सिंह पटेल, परमानंद मिश्र, श्रीमती लख्खू चौधरी, मुस्ताक अहमद, कुशाग्र श्रीवास्तव राविन पटेल विधायक प्रतिनिधि, राजकुमार पटेल, जितेंद्र पटेल, ओम प्रकाश पटेल, जंग बहादुर पटेल ,कमलेश पटेल ,लल्लू पटेल श्रवण शुक्ला, प्रमोद पटेल, शिव मौर्या आदि मौजूद रहे।



डा0 सोनेलाल पटेल को श्रद्धांजलि देते अद (एस) के पदाधिकारी।

## शौचालय निर्माण के दौरान मिटटी ढहने से दबा राजमिस्त्री, हुई मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शौचालय के गडढे में जुडाई करते समय अचानक मिटटी भरभराकर बैठने से राजमिस्त्री दब गया। सूचना पर जुटे ग्रामीणो ने मलबे से राजमिस्त्री को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजमिस्त्री की मौत की जानकारी से परिजनों मे कोहराम मच गया।

उदयपुर थाना क्षेत्र के दर्रा शिव का तारा गांव निवासी हंसराज विश्वकर्मा का पैतालिस वर्षीय पुत्र हरिश्चंद्र विश्वकर्मा राजमिस्त्री था। सोमवार को दस बजे गांव मे ही शौचालय के लिए खोदे गये गडढे में ईट की जुडाई कर रहा था। इस दौरान अचानक ऊपर से मिटटी ढह गयी। देखते ही देखते हरिश्चंद्र मिटटी के ढेर मे दब गया। शोर शराबा सुन मौके पर जुटे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर किसी तरह राज मिस्त्री को बाहर निकाला। परिजन आननफानन मे उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन शव लेकर घर लौटे तो कोहराम मच गया। मृतक राज मिस्त्री की पत्नी, बेटी नीतू व दो बेटों का रो-रो कर बुरा हाल था। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने अभी पुलिस को तहरीर नही दी है। उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौत की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनो की ओर से तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संस्कार ग्लोबल स्कूल में छात्राओं को किया गया जागरुक

### एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वयं को सबसे मजबूत समझिए, अगर कोई आपके साथ गलत बर्ताव करता है तो आप इससे न तो डरे न ही झिझके, बल्कि खुलकर इसका विरोध करें, हम आपके साथ हैं। आपके इस कार्य से दूसरी छात्राओं और महिलाओं को बल मिलेगा।

उक्त बातें सोमवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में चैकी इंचार्ज सिटी सूर्य प्रताप सिंह की अगुवाई में पहुंची एंटी रोमियो की टीम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहीं। जागरूकता अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम के एसआई राजकुमार, बाल कृष्ण, भारती परमार, मीना यादव महिला हितों से जुड़ी महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही उन्हें विपरीत परिस्थिति में तत्काल दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने की जानकारी दी। आत्मरक्षा के बारे में डेमो देकर जागरुक किया गया।

साइबर सेल के दिग्विजय ने छात्राओं को सोशल साइट्स के बारे विस्तार से जानकारी दी। इसके पूर्व प्रिंसिपल समीना अख्तर, उमा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। संचालन अविनाश सिंह ने किया। संध्या शुक्ला, स्वाति मिश्रा, दीपिका मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



संस्कार ग्लोबल स्कूल में छात्राओं को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## बाबा धाम में सरकारी यात्री विश्रामालय से खाली हुआ अवैध अतिक्रमण, चहके श्रद्धालु

### क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन के कदम को सराहा, डीएम व एसपी को दिया साधुवाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सरकारी निधि से निर्मित कराए गए यात्री विश्राम गृह को सोमवार की सुबह अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। प्रशासन के इस कदम से स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ दूरदराज के आये हुए श्रद्धालुओं मे भी खुशी देखी गयी। प्रशासन ने सरकारी यात्री विश्राम गृह को श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह विश्राम आदि के लिए खाली रखे जाने के भी सख्त निर्देश दिये हैं।

बाबा धाम में पर्यटन स्थली के विकास की प्रक्रिया के तहत लाखों कीमती ओपेन यात्री विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। विशाल यात्री विश्राम गृह में सावन माह के अलावा अधिमास तथा बाबा धाम मे लगने वाले परम्परागत सोमवार व मंगलवार के मेले में आने वाले श्रद्धालु रैनबसेरा और दर्शन पूजन के बाद दिन मे भी विश्राम किया करते थे। यात्री गृह में कुछ स्थानीय दबंग लोगों की सह पर छोटी बडी दुकानों का जाल बिछ गया।

वहीं सरकारी यात्री विश्राम गृह को दबंगो द्वारा जबरिया अपने कब्जे मे लिए जाने को लेकर स्थानीय लोगों मे इधर कुछ महीनो से आक्रोश भी बढ़ता गया। इससे श्रद्धालुओं को यहां ठहरने मे असुविधा होने बाबा धाम के संस्कृत विद्वान आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, गजेहड़ी के हरिश्चंद्र पाण्डेय, देवेन्द्र त्रिपाठी, भवानीगढ़ निवासी साहित्यकार संजय पाण्डेय पुष्पेन्द्र, रामगंज निवासी हरिश्चंद्र जायसवाल आदि ने बाबा धाम में यात्री विश्राम गृह को श्रद्धालुओं के लिए खाली कराये जाने को लेकर तहसील एवं जिला प्रशासन के कदम को जनहित में बड़ा सराहनीय कदम कहा है। वहीं सोमवार को शिव नगरी में प्रशासन के इस कदम की दिन भर सराहनीय चर्चा का माहौल भी लिये दिखी।

## पंचायत प्रतिनिधियों व शिक्षकों के बीच समन्वय से होगा विद्यालयों का सर्वांगीण विकासः ब्लाक प्रमुख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को लालगंज ब्लाक सभागार में एक दिवसीय शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्कूलों को बेहतर तरीके से भौतिक संसाधन से संतृप्त किए जाने का आह्वान पंचायत प्रतिनिधियों से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ इसके पश्चात एआरपी जय प्रकाश पांडे ने आयोजन के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख लालगंज इंजीनियर अमित सिंह ने कहा कि महज बच्चों को अक्षर ज्ञान देकर या उन्हें अधिक जानकारी को याद कराकर शिक्षा नहीं दी जा सकती है। इसके लिए शिक्षा के महत्व और उसके उद्देश्य को भी समझने की जरूरत है और उसे छात्रों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने परिषदीय विद्यालयों मे सुधार के लिए कार्यदायी संस्था की ओर से सभी जरूरी कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।

## उपचार के दौरान घायल मनोरोगी युवती की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हादसे मे घायल युवती की पांचवे दिन इलाज के दौरान मौत होने से कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर के पूरे शिवदीन निवासी मुन्नालाल यादव की तेईस वर्षीया पुत्री राजकुमारी पांच दिन पहले बाइक की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उसका सांगीपुर सीएचसी से उपचार चल रहा था। सोमवार की सुबह घायल युवती की घर पर ही मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक मृतका मनोरोगी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही घर के समीप ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### जिला समन्वयक ने नवीन स्कूली भवनों की खंगाली गुणवत्ता

लालगंज, प्रतापगढ़। बीएसए के निर्देश पर स्थानीय विकासखण्ड मे निमार्णाधीन परिषदीय विद्यालयो की गुणवत्ता की जांच का अभियान संचालित हुआ। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि जिले में स्वीकृत नवीन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवनों के निर्माण में शिथिलता किसी भी स्थिति में क्षम्य नही होगी। बीएसए के निर्देश पर स्थानीय विकासखण्ड लालगंज में स्वीकृत नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण प्रगति की जिला समन्यवयक निर्माण ने स्थलीय परीक्षण किया। इसके तहत जिला समन्वयक निर्माण प्रदीप यादव ने लालगंज के निमार्णाधीन विद्यालयों के अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय-उमापुर पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली। यहां नवीन भवन में स्लैब स्तर तक कार्य पूर्ण दिखा। जिला समन्वयक ने निर्माण कार्य मानकानुसार पाये जाने पर संतोष जताया। वहीं प्लास्टर कार्य की शुरूआत की तैयारी का अवलोकन करते हुए इसमे तेजी लाये जाने के निर्देश भी दिये। वहीं उन्होने निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय जैनपुर व धारुपुर तथा मेढावा एवं हुलासगढ़, के नवीन स्वीकृत हुए भवन के निर्माण की शुरूआत न होने पर गहरी नाराजगी भी जतायी। उन्होने इन विद्यालयों में शीघ्र भवन निर्माण पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। डीसी निर्माण के निरीक्षण को लेकर भवन निर्माण प्रभारियों में हड़कम्प का माहौल दिखा। इस बाबत डीसी का कहना है कि वह निरीक्षण आख्या शीघ्र ही बीएसए को सौंपेगें।

## खबर संक्षेप

### तालाब का पट्टा मिलने के बाद दबंग नहीं करने दे रहे कब्जा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 2 राजा सुहेल नगर पुराना नाम परसरा में कुछ दबंग व्यक्ति एक दलित गरीब को परेशान कर रहे हैं दलित अच्छे लाल को तालाब पट्टे पर मिला था लेकिन उस तालाब पर दबंग अपने साथी को कब्जा कराना चाहते हैं जिसके चलते आए दिन दलित को जान से मारने की धमकी दबंग दे रहे है पट्टा धारक की पत्नी सीता देवी का कहना है कि असलहो से लैस दर्जनों की संख्या दबंग वा उसके साथी गरीब असहाय पट्टाधारक के घर पर चढ़कर जान से मारने की धमकी दिया है जिससे पीड़ित परिवार डरा सहमा हुआ है दबंग डरा धमका कर मामले को दबाना चाहते हैं दबंग अपने बॉडीगार्ड को जबरियन तालाब में मछली पालन के लिए दबाव बना रहे हैं जबकि उस तालाब मे दूसरे का पट्टा है पट्टा मिलने के बावजूद गरीब दलित अपने पट्टे के तालाब पर कब्जा नहीं पा रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# डेंगू ने पसारे पांव इलाज में चार लोगों की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

### इलाज की बद इन्तजामी के चलते पीड़ितों को नहीं मिल रहा पर्याप्त इलाज

**कौशांबी।** डेंगू रोग के रोकथाम के लिए तमाम उपाय किए जाने के बाद रोग पर स्वास्थ्य विभाग रोकथाम नहीं लगा पा रहा है चारों तरफ गंदगी से लोगों की मौत हो रही है लेकिन अधिकारी केवल ऑफिस में बैठकर मीटिंग में निर्देश देने तक सीमित है गांव क्षेत्र की गंदगी और बदइन्तजामी देखने वाला कोई नहीं है रविवार की रात्रि डेंगू के तेज बुखार से अलग-अलग परिवार के 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है जिससे परिजनों में कोहराम मचा है हालांकि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार डेंगू से मौत को मानने को कतई तैयार नहीं है फागिंग मच्छर जनित दवावो का पर्याप्त छिड़काव नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि डेंगू से मौत हुई है।



महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

जानकारी के मुताबिक जिले के अलग-अलग क्षेत्र में 3 महिला समेत चार लोगों को तेज बुखार आने के बाद प्लेटलेट्स कम हो गई इलाज के लिए भर्ती मरीजों को चिकित्सकों ने प्लेटलेट्स कम की बात बताइ इलाज के दौरान चार लोगों की मौत ने स्वास्थ्य विभाग की बदइंतजामी की पोल खोल दी है नगर पंचायत चायल की सभासद सुरमिला देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी कृष्ण देव कुशवाहा की इलाज के दौरान रविवार की रात मौत हो गई है चायल तहसील के रसूलाबाद ऊर्फ कोइलहा गांव के शिवम उर्फ ठाकुर उम्र लगभग 14 वर्ष पुत्र राजू पासी की इलाज के दौरान प्रयागराज के अस्पताल में मौत हो गई है इसी तरह कोखराज थाना क्षेत्र के दशरथपुर बिसारा गांव निवासी संजू देवी पत्नी जोगिंदर यादव की तेज बुखार डेंगू से इलाज के दौरान मौत हो गई है कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव की गुड़िया उम्र 20 वर्ष पुत्री राजाराम की भी तेज बुखार डेंगू के चलते मौत हो गई है बीते सप्ताह के डेंगू के चलते कई लोगों की मौत हो चुकी है जिले में डेंगू के इलाज की पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं हो सकी हैं जिसके चलते मरीज निजी नर्सिंग होम प्रयागराज की ओर भाग रहे हैं पर्याप्त व्यवस्था न होने से स्वास्थ्य विभाग पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मतदान केंद्र दूर बनाए जाने से भड़के भरवारी नगरवासी

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में पूर्व में नगर पंचायत थी पुरानी बाजार वार्ड नंबर 17 और 23 का मतदान केंद्र पुलिस चौकी के पास पानी टंकी में बनाया जाता था जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ जाता था और उत्साहित होकर मतदाता मतदान करते थे लेकिन नगर पंचायत को नगर पालिका बनाए जाने के बाद मतदाता सूची और मतदान केंद्र फिर से बनाए गए हैं नए मतदान केंद्र बनाए जाने में पुरानी बाजार पुलिस चौकी के पास पानी टंकी मतदान केंद्र को डेढ़ किलोमीटर दूर नेशनल इंटर कॉलेज मेहता रोड में बना दिया गया है बीच में रेलवे फाटक पड़ने से मतदाताओं को आने-जाने में दिक्कतें होंगी और दुर्घटना की भी संभावना बनी रहेगी तमाम वृद्ध बीमार लोग दूर मतदान केंद्र नहीं पहुंच पाएंगे जिससे मतदान का प्रतिशत भी कम होने की संभावनाएं हैं पुलिस चौकी पुरानी बाजार पानी टंकी में मतदान करने वाले मतदाताओं को दिक्कतों से जूझना होगा मतदान केंद्र में परिवर्तन की मांग को लेकर भरवारी नगर के वरिष्ठ नेता मुस्ताक अहमद सोमवार को नगर पालिका परिषद में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी विनय कुमार गुप्ता से मिले उन्हें पत्र देते हुए पुराने मतदान केंद्र पानी टंकी पुलिस चौकी के पास में मतदान केंद्र बनाए जाने की मांग की है जिस पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार गुप्ता ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी बातों पर विचार विमर्श कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### स्टेट लीग के लिए अंडर 11 की टीम घोषित




**कौशाम्बी।** दिल्ली फुटबाल एसोसिएशन की दिल्ली स्टेट गोल्डन बेबी लीग (सिक्स ए साइड) के लिए नार्दन फुटबाल अकादमी की नौ सदस्यीय टीम चयनित हुई। यह टीम 16 से 27 नवंबर तक मैच खेलेगी। चयनित खिलाड़ियों में देवांश वर्मा, अथर्व सिंह, वीर पाल, आशुतोष द्विवेदी, आदित्य, दिव्यांश सिंह, अंकुर, सुनील यादव, उत्कर्ष शामिल हैं। स्टैंड बाई में अयान, अथर्व शर्मा, आरव सिंह, रूद्र प्रताप, आद्विक, वैभव शुक्ला, अनुभव मिश्रा, वीर प्रताप सिंह, श्रेयश, उत्कृष व आयुष शामिल हैं। टीम में मुख्य प्रशिक्षक की जिम्मेदारी इंद्रनील घोष निभाएंगे।

### पेट्रोल का पैसा मांगने पर युवको ने की सेल्समैन की पिटाई



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनीराम कटरा स्थित एस्सार पेट्रोल पम्प मे पेट्रोल लेने पहुँचे दो युवको ने पेट्रोल लेने के बाद सेल्स मैन द्वारा पैसा मांगे जाने पर दो सेल्स मैन की पिटाई कर दी है जानकारी के मुताबिक सूरज यादव निवासी नगरेहा थाना सराय अकिल और पिंटू यादव निवासी जठिया थाना सराय सोमवार को एस्सार कंपनी के पेट्रोल पंप में पेट्रोल लेने पहुंचे थे जहां दोनों युवको ने पेट्रोल लेने के बाद भुगतान देने से इंकार कर दिया जिस पर पेट्रोल पंप कर्मचारी प्रेमसागर पुत्र तीरथ लाल निवासी बेनीराम कटरा वा दयाराम पुत्र भोला प्रसाद निवासी म्योहर ने पेट्रोल की कीमत मांगी है जिससे बौखलाए दोनों युवकों ने पेट्रोल पंप के दोनों कर्मचारियों की जमकर पिटाई कर दी है।

### पुनरीक्षण कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं : एसडीएम



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपजिलाधिकारी विनय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें सेक्टर आफिसर संजय कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रभारी खंड विकास अधिकारी मूरतगंज सुरेश गुप्ता तथा 11 में से 10 पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। मतदाता पुनरीक्षण कार्य में कम प्रगति वाले 10 बूथों के बी०एल०ओ० को भी बुलाकर समीक्षा किया गया तथा उनके पर्यवेक्षकों को कार्य में सुधार लाने तथा नियत दिनांक 20 अक्टूबर तक कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विनय कुमार गुप्ता द्वारा दिया गया अधिशासी अधिकारी गिरीश चन्द्र को निर्देशित किया गया कि वे पुनरीक्षण कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें समीक्षा बैठक के दौरान नायब तहसीलदार दीक्षा पांडेय सहायक चकबंदी अधिकारी मोहम्मद आजम मनोज दुबे ज्ञान सिंह अमन केसरवानी आशीष केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे

### मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता का आयोजन




**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा मंडल स्तरीय भाषण प्रतियोगिता "मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता"का आयोजन आज "राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज" प्रयागराज में किया गया। डॉ अनीता सिंह,क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के मार्गदर्शन तथा डॉ भूपेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिम शरीरा के नेतृत्व में कौशांबी जनपद से दिनांक 14 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर रहे आस्था तिवारी, अमन गुप्ता और कंगना द्विवेदी ने मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रयागराज मंडल के 4 जिलों में से कुल 12 प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचार रखे। जिसमें 'कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज,भरवारी' ,की छात्रा कुमारी "आस्था तिवारी" पुत्री श्री अरुण कुमार तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंडल स्तर के विजेता प्रतिभागी दिनांक 21-अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जनपद के लिए गौरव की बात है की कुमारी आस्था तिवारी राज्य स्तर पर कौशाम्बी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी। मंडल स्तर और राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता की तैयारी का जिम्मा डॉ भूपेंद्र मणि त्रिपाठी को दिया गया था। डॉ त्रिपाठी आयुर्वेद में एमडी हैं और एक बहुत ही अच्छे वक्ता भी हैं इनके ही देखरेख में आस्था तिवारी अब राज्य स्तर की तैयारी करेंगी।

### समसपुर में तीन दिवसीय मेला दंगल का आयोजन

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के समसपुर गांव में तीन दिवसीय मेला और दंगल का आयोजन किया गया है मेला अध्यक्ष ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि समसपुर गांव की बन्दरहाई बाग में 18 अक्टूबर को विशाल मेला और 19--20 अक्टूबर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया है उन्होंने बताया कि मेले में इलाके के हजारों लोगों की भीड़ एकत्रित होती है और मेला भव्यता पूर्ण मनाया जाता है इसी के साथ उन्होंने बताया कि दो दिवसीय दंगल के आयोजन में दूर-दूर के पहलवान कुश्ती लड़ने आते हैं जिसमें पहलवानों की कुश्ती देखने के लिए हजारो लोगो की भीड़ एकत्रित होती है उन्होंने बताया कि मेला और दंगल का आयोजन कमेटी के सदस्य और पदाधिकारियों की देखरेख में संपन्न कराया जाता है।

# प्रताड़ना से आजिज युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पूर्व में हुए विवाद में मुकदमा दर्ज करने के बजाए समझौते के नाम पर 60 हजार रुपए की हो रही थी डिमांड**

**पूर्व की घटना का पुलिस ने नहीं दर्ज किया था मुकदमा रविवार की शाम फिर आरोपियों से युवक का हुआ था विवाद**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के फकीर बक्स का पुरवा गांव के एक युवक की रविवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है युवक गांव के लोगों से ही प्रताड़ित होता चला रहा था पूर्व में भी युवक का गांव के लोगों से विवाद हुआ था इस मामले में महीनों बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया था समझौते के नाम पर युवक से 60 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी परिजनों का कहना है कि प्रताड़ना से आजिज आकर युवक ने रविवार की रात में फांसी लगा लिया है जिससे उसकी मौत हो गई है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत फकीर बक्स का पुरवा गांव निवासी महताब अली उम्र 19 वर्ष पुत्र नन्हे अपने पिता के साथ घर में रहते थे परिवार के अन्य लोग बाहर रहते हैं गांव के समीर पुत्र गुड्डू से बीते दिनों महताब का विवाद हुआ था मामला पुलिस थाना भी पहुंचा था जिस पर सुलह समझौते के नाम पर आरोपी और दलाल महताब से 60 हजार रुपए की डिमांड कर रहे थे रुपया ना देने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की लगातार धमकी दी जा रही थी महताब और समीर के बीच पूर्व में विवाद हुआ था इस मामले में पुलिस ने भी कार्यवाही नहीं की थी रुपयों की मांग के चलते महताब टेंशन में रहता था रविवार की शाम पुराने लोगों से महताब का फिर विवाद हुआ उसके बाद क्या हुआ किसी को कुछ जानकारी नहीं है पिता खा पीकर सो गया सुबह जब उठा तो देखा कि महताब की लाश फंदे से लटक रही है बेटे की लाश लटकते देख पिता नन्हे बदहवास हो गया पिता को रोते बिलखते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब उन्हें महताब के मौत की जानकारी हुई देखते-देखते ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना



युवक की मौत के बाद लगी भीड़

पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया महताब की मौत ने कई अनसुलझे सवाल छोड़ दिए हैं आखिर पूर्व में हुई घटना का पुलिस मुकदमा दर्ज कर लेती तो लेनदेन का विवाद उत्पन्न नही होता रविवार को दोबारा आरोपियों का विवाद का साहस ना हुआ होता लेकिन पुलिस ने पूर्व की घटना को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते महताब की मौत हो गई दबी जुबान से कुछ ग्रामीणों का कहना है कि रविवार की शाम विवाद के बाद आरोपियों ने कहीं महताब को मौत के घाट तो नहीं उतार दिया है लेकिन यह पुलिसिया जांच का विषय है हालांकि महताब की मौत कैसे हुई है इस बारे में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद महताब की मौत से पर्दा उठेगा पूर्व में हुई घटना का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही न !करने के मामले में थाना पुलिस की लापरवाही उजागर हो रही है और इस मामले में यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो कोखराज थाना पुलिस के कारनामों का उजागर होना तय है लेकिन क्या धना दोहन के चलते मुकदमों को न दर्ज करना आरोपियों को दंड ना देने के मामले में पुलिस अधिकारी निष्पक्ष जांच करा पाएंगे और दोषी पुलिस जनों को दंडित करेंगे इस बात का जवाब आम जनता पुलिस अधिकारियों से चाहती है।

### मानसिक स्वास्थ्य सभी के लिए प्राथमिकता हो : डॉ स्वामी नाथ

**कौशाम्बी।** जनपद के मंझनपुर तहसील सभागार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक विकार व मानसिक विकार से ग्रसित व्यक्तियों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हर साल 10 अक्टूबर को ह्यविश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसह्ल मनाया जाता है. 1992 में आज (10 अक्टूबर) के दिन ह्यवर्ल्ड मेंटल हेल्थ डेह्ल मनाया गया थो उसके बाद से यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा. इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना. साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मेंटल हेल्थ के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद स्टिग्मा को कम करना भी है. हर साल इसे एक खास थीम के तहत सेलिब्रेट किया जाता है. इस वर्ष डब्लूएचओ ने ह्यवर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे 2022ह्ल की थीम ह्लसभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को वैश्विक प्राथमिकता बनाएंह्व है. नोडल अधिकारी एनसीडी सेल अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वामी नाथ ने कहा कि मानसिक रोग को बताने कि जरुरत हैं छुपाने की नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को विशेष रूप से प्राथमिकता के तौर पर देखने की आवश्यकता हैं यह बीमारी किसी को भी हो सकती हैं युवाओं में अवसाद जैसी सामान्य मानसिक विकार जो आगे जाकर घातक हो जाती हैं।

## पीएम किसान सम्मान निधि समस्या के निस्तारण के लिए हेल्प डेस्क नम्बर पर करें सम्पर्क

**कौशाम्बी।** उप कृषि, निदेशक ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जिला प्रशासन के प्रयासों के बाद भी कतिपय कृषकों के भूलेख अंकित न होने, आधार इनवैलिड तथा नाम मिस्मैच के प्रकरण लम्बित चल रहें हैं, जिनमें डाटा सुधार आवश्यक हैं। कृषकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर कॉल सेंटर एवं हेल्प डेस्क की स्थापना की गई हैं जनपद स्तर पर उप कृषि निदेशक कार्यालय में तथा विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कृषि बीज भण्डार पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय हेल्प डेस्क द्वारा लैपटॉप/डेस्कटॉप से जनपद के डाटा बेस से कृषकों के नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, कृषक का पता, पीएम किसान आईडी/आधार नंबर, ईकेवाईसी एवं भुलेख अंकन सम्बन्धित विस्तृत डाटाबेस के साथ किसानों की कॉल एवं उनके द्वारा बताये गए समस्याओं/प्रश्नों तथा हेल्प डेस्क द्वारा बताये गए निवारण के उपाय का विवरण अंकित किया जायेगा, जिसके निराकरण के लिए कृषकों से सम्पर्क स्थापित कर उनके अभिलेखों को अपडेट कराने की आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद स्तर पर स्थापित कॉल सेन्टर/हेल्प डेस्क प्रातः 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक संचालित रहेंगा, जिसका हेल्प डेस्क मोबाइल नम्बर-7309891691 व 7309825832 है तथा विकास खण्ड मंझनपुर स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क का मोबाइल नम्बर-9369373679 व 9452542693 है। इसी प्रकार विकास खण्ड कौशाम्बी-8299245283 व 9451604434, विकास खण्ड सरसवॉ-7355983271 व 7523970986, विकास खण्ड चायल-9453253945 व 9935885513, विकास खण्ड नेवादा-8181870302 व 9826054909, विकास खण्ड मूरतगंज-7380947152 व 7800891056 विकास खण्ड सिराथू-8887677606 व 9335779336 एवं विकास खण्ड कड़ा-9451218782 व 9760063417 है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने युवक की मौत पर लगाई हत्या की मुहर

अखंड भारत संदेश

**सैनी कोतवाली पुलिस ने बढ़ाई हत्या की धारा आरोपियों की तलाश शुरू, हत्या को दुर्घटना का रूप देने की फिराक में सड़क पर शव फेंक फरार हुए हत्यारे**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन ग्राम सभा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर 15 अक्टूबर शनिवार की रात में बाइक सवार एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा था प्रथम द्दष्टया मामले को दुर्घटना माना जा रहा था पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और युवक की मौत पर दुर्घटना का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया था शव देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की थी और हत्या का मुकदमा पंजीकृत करवाने पर अड़ गए थे लेकिन पुलिस ने हत्या का मुकदमा नहीं दर्ज किया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या की पुष्टि हुई है परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार मानकर पुलिस ने युवक की मौत पर हत्या के मुकदमा की बढ़ोत्तरी कर लिया है पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है मृतक युवक के रिश्तेदारों ने बताया के फतेहपुर जिले के एक गांव की युवती से मृतक युवक का प्रेम प्रसंग बातचीत होती रही परिजनों के अनुसार 15 अक्टूबर की शाम घर से बाइक लेकर युवक निकल गया था लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया रात 8:00 बजे मोबाइल आन की सूचना मिली परिजनों ने बताया कि केन ग्राम सभा के सामने बीच सड़क पर युवक की नृशंस हत्या कर सड़क पर शव फेककर हत्यारे दुर्घटना का रूप देने के फिराक में थे लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने उनके करतूत की पोल खोल दी है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरेनी ग्राम सभा के मजरे लोखरीपुर पुर गांव निवासी अमर सिंह उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र हरिलाल शनिवार की देर शाम बाइक से फतेहपुर जाने के लिए



हत्या के बाद सड़क पर पड़ा युवक का शव

निकले थे उनकी रक्तरंजित लाश राष्ट्रीय राजमार्ग में केन ग्राम सभा के सामने सड़क पर पड़ी मिली है प्रथम द्दष्टया पुलिस और आसपास के लोग घटना को दुर्घटना मान रहे थे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने अमर सिंह की मौत को दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की मुहर लगा दी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के मुकदमा की बढोत्तरी कर लिया है पुलिस हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है थाना प्रभारी एवम चौकी प्रभारी गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

# तालाब में डूबे युवक की हुई मौत

**दूसरा गंभीर अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**अषाढा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अषाढा में अमृत सरोवर तालाब में दो व्यक्ति डूब गए है जिन्हें पुलिस के सहयोग से ग्रामीणों ने तालाब से बाहर निकाल लिया है तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक व्यक्ति बेहोश है सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बेहोश व्यक्ति को पुलिस ने अस्पताल भेजा है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक अषाढा गांव निवासी राजेंद्र कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र रामसेवक अपने साथी संतोष वा एक अज्ञात ब्यक्ति के साथ अषाढा गांव के अमृत सरोबर तालाब के पास सोमवार को शराब पी रहा था शराब के नशे के बाद दो युवक तालाब में डूब गए



तीसरा युवक मौके से गायब हो गया पुलिस ने दोनों युवक को तालाब से बाहर निकाला है तालाब में डूबने से राजेन्द्र की मौत हो गई है और दूसरे युवक संतोष को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है तालाब में डूबने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी मामले की सूचना परिजनों को मिली तो वह भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# संचारी रोगों एवं डेगॅू रोग पर नियन्त्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनश्चित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान तथा डेगॅू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों के नियन्त्रण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में बैठक की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों एवं डेगू के नियन्त्रण के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम सम्बन्धित बीडीओ एवं ईओ के साथ समन्वय कर साफ-सफाई फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव कराना सुनिश्चित करे उन्होंने कहा कि कहीं पर भी बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होती है जो तत्काल मेडिकल टीम भेजकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, फागिंग एवं एन्टीलार्वा के छिड़काव के लिए रोस्टर जारी कर दिया गया है तथा न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किया जा रहा है। उन्होंने



डेंगू रोकथाम की बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

सभी चिकित्साधिकारियों को संचारी रोगों एवं डेगॅू रोग पर नियन्त्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनश्चित करने के निर्देश दिये। जिला मलेरिया अधिकारी ने जनपद में डेगॅू की स्थिति एवं नियन्त्रण की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कहीं पर भी समाचार पत्र या अन्य किसी माध्यम से बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री आदि घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी कर रहीं हैं। आशा कार्यकत्रियों आदि द्वारा आमजन को मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए-नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे. घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे/छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का-2 के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने एवं बच्चों को जे0ई0 के दोनों टीके लगवाने आदि के प्रति भी जागरूक किया जा रहा हैं बैठक में सीएमएस जिला अस्पताल डॉ0 दीपक सेठ द्वारा डेगॅू रोग के लक्षण एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

# शोषितों ,वंचितों ,कमेरों की लड़ाई लड़ते रहे सोने लाल पटेल : प्रीतम पटेल

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशाम्बी।** पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों व वंचित समाज की लड़ाई लड़ते रहे अपना दल संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की श्रद्धांजलि समारोह में समाजसेवी प्रीतम पटेल ने डॉक्टर सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए यह कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल व्यवस्था परिवर्तन ,दूसरी आजादी का आंदोलन , आर्थिक आजादी मतदाता पेंशन ,कृषि आयोग के गठन कृषि को उद्योग का दर्जा दिलवाए जाने मतदाता पेंशन , आरक्षण कोटा पूरा करवाने सदियों से पिछड़े व वंचित कमेरा समाज को उनके हक हुकूक के लिए निरंतर आजीवन संघर्षरत रहे विषमता वादी विचारधारा को समता वादी विचारधारा में परिवर्तन करने ,कमेरा बनाम लुटेरा से बचाने की लड़ाई वह लड़े ,शोषितों ,वंचितों ,व्यवस्था परिवर्तन के क्रांतिवीर यशः कायी डाक्टर सोने लाल पटेल के 13 वें परिनिर्वाण दिवस पर मनौरी में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उक्त बातें प्रीतम पटेल ने कही । उन्होंने कहा कि डाक्टर सोने लाल पटेल देश की दोहरी शिक्षा नीति को समाप्त कर एकहरी शिक्षा नीति के प्रबल समर्थक थे विषमतावादी विचारधारा के



सोनेलाल पटेल को माल्यार्पण करते प्रीतम सिंह

लोगों को समतावादी विचारधारा के आने का खतरा महसूस होने लगा जिस कारण 17 अक्टूबर 2019 को दुर्घटना के बहाने डाक्टर पटेल की हत्या करवा कर रास्ते से हटवा दिया गया श्रंद्धाजलि समारोह में अरुण कुमार ,फूल चंद्र दिवाकर ,जावेद अहमद ,संदीप मिश्रा,राकेश कुमार ,दिरगज कोरी ,सनाउल इस्लाम ,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चित्रकूट - खेल संदेश

## कृषि भूमि को आवासीय में न करें दर्ज: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर करेत्तर, राजस्व कार्यों व चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक में एआईजी स्टाम्प को निर्देश दिये कि कृषि योग्य भूमि को आवासीय भूमि में बैनामा बिना लैण्डयूज बदले न होने दें। ऐसा होने पर वे सख्त कार्यवाही करेंगे।

सोमवार को जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को निर्देश दिये कि इस तरह की भूमि के बैनामा होने पर शिकायत मिलने पर तत्काल कडी कार्यवाही की जायेगी। संबंधित फर्मों से राजस्व वसूली करायें। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये ओवरलोड वाहनों की जांचकर लक्ष्य की पूर्ति करें। दीपावली मेला में मुख्य मार्गों व सीमा पर जांच अभियान चलायें।



आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करायें। खनिज अधिकारी से कहा कि खनन के पट्टे मंजूर कराकर समय से निविदा करायें। खनन के पट्टे पर वन विभाग से एनओसी समय से ली जाये। डीएफओ व खनिज अधिकारी का इस माह का वेतन रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एसडीएम कर्वी से कहा कि मंडी समिति कर्वी के दुकानों व कैंटीन की नीलामी फिर से करायें।

जिलाधिकारी ने एडीएम से कहा कि धान क्रय केन्द्र खोलने की सूचना न दें तो वेतन रोकने की कार्यवाही करें। अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र में व्यवसायिक कार्यों पर टैक्स बढायें। सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि दीपावली मेला को देखते हुए अपने क्षेत्रों के प्रधानों के साथ बैठक कर मुनादी करायें कि दीपावली मेले में श्रद्धालु टैज्क्टर से न आयें। ऐसा होने पर ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## रामघाट से नदी तक गरजा बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली की तैयारी को लेकर रामघाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को अतिक्रमण हटाने को बुलडोजर गरजा है। रामघाट टैम्पो स्टैण्ड से नदी जाने के मुख्य रास्ते में पुलिस बल के साये में बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया।

सोमवार को पुलिस व नगर पालिका टीम ने रामघाट के टैम्पो स्टैण्ड से नदी तक जाने वाले रास्ते से बडे पैमाने पर अतिक्रमण हटवाया। सत्ती दाई का चबूतरा तोडकर कई दुकानें बुलडोजर से ढहा दी गई हैं। रामघाट किनारे तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दो दिन पहले चेतावनी देने के बाद बिना किसी रियायत और पछपात के जेसीबी गरज रही है। कई दुकानें साफकर दो सौ मीटर तक का अतिक्रमण हटाया गया है। मप्र क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज औपचारिकता हो रही है।



सतीअनुसुइया से लेकर परिक्रमा मार्ग में मप्र क्षेत्र में तमाम दुकानदार भारी अतिक्रमण किये हैं। तीस फिट का रास्ता दस फिट में बदल गया है। श्रद्धालुओं से दुकानदार मप्र क्षेत्र में अभद्रता करते हैं। हनुमानधारा पहुंच मार्ग में भी जमकर अतिक्रमण है। मप्र क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के नाम पर औपचारिकता की जा रही है। दीपावली मेले की शुरूवात हो चुकी है। मप्र क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग में ही दुकानदार भारी अतिक्रमण किये हैं।

## रैपुरा रेंज के चरदहा वन ब्लाक में लाखों का घोटाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा रेंज के वन ब्लाक चरदहा में पत्थर की खखरी निर्माण में लाखों रुपये का गबन किया गया है। वन ब्लाक में पत्थर खखरी निर्माण कार्य, बौना नाली खुदाई कार्य, गड्ढे खुदाई कार्य व सुरक्षा खाई के नाम पर फजीर्वाडा कर सरकारी धन का गबन किया गया है।

सोमवार को चरदहा वन ब्लाक में गबन का खुलासा हुआ है। बताया गया कि चरदहा वन ब्लाक के तहत आने वाले पहाडों में पत्थरों का खनन भारी तादाद में हो रहा है। पत्थर तोडान करवाकर खनन माफिया अपनी जेब भर रहे हैं। वन रेंज रैपुरा के चरदहा, अगरहुण्डा, हनुवा व गढचपा बीट पर पत्थर खनन व मोरम खनन भारी तादाद में जारी है। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अवैध खनन के नाम पर लाखों रुपये की वसूली कर रहे हैं। इससे खनन माफिया मनमानी ढंग से खनिज सम्पदा लूट रहे हैं। खास सूत्रों ने बताया कि रैपुरा वन क्षेत्राधिकारी राधेश्याम दिवाकर व कम्प्यूटर आपरेटर विजयमोहन उर्फ पिन्टू खनन माफियाओं से मोटी रकम वसूल रहे हैं। इससे खनन माफिया मनमानी करते नजर आ रहे हैं। रैपुरा रेंज में विकास कार्यों के नाम पर लाखों के फजीर्वाडा व भुगतान में वन क्षेत्राधिकारी व लिपिक की अहम भूमिका है। वन रेंज रैपुरा के वन ब्लाक चरदहा में बिना कार्य कराये भुगतान हो रहे हैं। ऐसे में कार्यों की जांचकर कार्यवाही की मांग ग्रामीणों ने की है।

## रंगेहाथ दबोचे तीन जुआरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा की अगुवाई में सीतापुर पुलिस टीम ने तीन जुआरियों को रंगेहाथ दबोचकर मालफड से 31 सौ रुपये व ताश के पत्ते बरामद किये हैं।

सोमवार को सीतापुर चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने रामायण मेला के पीछे ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते राजकिशोर उर्फ गुड्डू पुत्र रामकिशोर निवासी रामायण मेला, प्रेम पटेल पुत्र स्व कामता निवासी चितरागोकुलपुर व रामप्रकाश पुत्र श्यामलाल निवासी कुशवाहा बस्ती को रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों की जामा तलाशी में 1200 रुपये, माल फड में 31 सौ रुपये और ताश के 52 पत्ते बरामद कर सभी का चालान किया है। टीम में चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा शौकत खां, सिपाही अभिषेक यादव, कुलदीप द्विवेदी, सोनू पटेल, सोमदेव शामिल रहे।

सीतापुर चैकी पुलिस ने शम्भू सोनकर पुत्र स्व मोतीलाल निवासी पुराना बसअड्डा के कब्जे से 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद कर चालान किया है। मानिकपुर थाना पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब समेत संजय रैदास पुत्र छोटेलाल निवासी गांधीनगर को गिरफ्तार कर चालान किया है।

## नायब तहसीलदार ने सीज किये आधा दर्जन ट्रैक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील क्षेत्र में धडल्ले से अवैध खनन को लेकर नायब तहसीलदार के अभियान में आधा दर्जन ट्रैक्टरों को पकडकर थाने के सुपुर्द किया गया है।

सोमवार को मानिकपुर तहसील के नायब तहसीलदार विवेक कुमार सिंह ने टीम के साथ एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देश पर छापेमारी की। ग्राम पंचायत सरहट की गांव समाज की जमीन पर बडे पैमाने पर अवैध ढंग से मिट्टी का खनन की सूचना सवेरे मिलने पर खम्बेश्वरनाथ स्थान के पास से ट्रैक्टरों को बरामद किया। सरहट में बन रहे विकलांग विद्यालय में ठेकेदार मिट्टी गिरा रहा है।

नायब तहसीलदार विवेक कुमार सिंह की टीम ने छापेमारी कर आधा दर्जन टैज्क्टरों को मिट्टी भरते पकडा। टीम ने पांच भरे व एक खाली ट्रैक्टर पकडा। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि टैज्क्टर चालकों से परमीशन की जानकारी ली गई, किसी के पास परमीशन नहीं था। कागजात सही नहीं दिखाने पर सभी ट्रैक्टरों को थाने में सीज करा दिया गया है। किसी के पास रायल्टी भी नहीं थी। खनिज विभाग को कार्यवाही को सूचना दी गई है।

## अधिवक्ता की पुत्री जायेगी जर्मनी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कचहरी के अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र की पुत्री सारिका मिश्रा ने पीआर फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी अहमदाबाद से पीएचडी की डिग्री हासिल कर पोस्ट डाक रिसर्च को जर्मनी जायेंगी। सोमवार को जिला कचहरी के अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्रा की पुत्री सारिका मिश्रा का चयन जर्मनी स्थित फ्रैंडरिच स्किलर यूनिवर्सिटी में हुआ है। सारिका मिश्रा ने ये मुकाम मेहनत और लगन से प्राप्त किया है।



सारिका मिश्रा के जर्मनी में पोस्ट डाक रिसर्च के लिए चयन होने पर अधिवक्ता के ईष्ट-मित्रों व शुभचिन्तकों ने बधाई दी है। सारिका मिश्रा के चयन से अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्रा का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। इलाहाबाद विवि से फिजिक्स में परास्नातक कर इसरो से संबंधित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी में इसी वर्ष पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जर्मनी में रिसर्च को चयनित हुई हैं।

## पौने 16 लाख के 125 फोन पुलिस ने किये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पौने 16 लाख रुपये के 125 मोबाइल फोन बरामद कर फोन धारकों के चेहरे पर खुशियां लौटाई। सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि एसओजी/सर्विलांस टीम ने खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी सीओ सदर हर्ष पाण्डेय की देखरेख में 125 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। इनकी कीमत 15 लाख 75 हजार रुपये है।



बरामद मोबाइल फोन धारकों को सौंप दिये गये हैं। फोन पाकर धारकों के चेहरे पर खुशी देखी गई। उन्होंने बताया कि फोन बरामद करने में एसओजी/ सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, रोहित सिंह, प्रमीण द्विवेदी, आशीष कुमार, आदित्य, शरद कुमार, लवकुश यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा शामिल रहे।

## विद्यालय में गन्दगी का अंबार, जिम्मेदार बेजार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के पुरवा तरौंहा के मजरा गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापिका पर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के निर्देश कोई मायने नहीं रखते।

विद्यालय में गन्दगी का अम्बार लगा होने से आये दिन बच्चे बीमार होते हैं। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापिका की मनमानी देखने को मिली। नन्हे-मुन्हे बच्चों से सफाई करवाती हैं। विद्यालय की रंगाई-पोताई को आये बजट को ठिकाने लगा रही हैं। विद्यालय न जाना और हाजिरी रजिस्टर में फर्जी हाजिरी दर्ज करना इनकी आदत में शुमार हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गोपालपुर के विद्यालय में तीन-चार साल से रंगाई-पोताई नहीं हुई है। विद्यालय परिसर में बडी-बडी घास व गन्दगी होने से जंगली क्षेत्र में जहरीले सांपों व बिच्छुओं का भय बच्चों में बना रहता है। विद्यालय में कोई अनहोनी न हो जाये, इसलिए विद्यालय की साफ-सफाई जरूरी है।

## टी20 विश्व कप : स्कॉटलैंड ने किया उलटफेर, वेस्टइंडीज को दी करारी शिकस्त

**होबार्ट।** स्कॉटलैंड ने जॉर्ज मंसी (66 नाबाद) के अर्द्धशतक और मार्क वॉट (12/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप 2022 के प्रारंभिक दौर में सोमवार को 42 रन से हराकर उलटफेर किया। स्कॉटलैंड ने ग्रुप-बी मुकाबले में मंसी के 53 गेंदों पर 9 चौकों के साथ बनाए गए 66 रनों की बदौलत वेस्टइंडीज को 161 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में विंडीज 118 रन पर ऑलआउट हो गई। जेसन होल्डर ने 33 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाकर 38 रन की जुझारू पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

स्कॉटलैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पारी की मजबूत शुरुआत की। मंसी ने माइकल जोन्स (20) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान रिची बेरिंगटन (16), कैलम मैकलियोड (23) और क्रिस ग्रीव्स (16) ने मंसी के साथ मिलकर स्कॉटलैंड को 20 ओवर में 160/5 के स्कोर तक पहुंचाया। वेस्ट इंडीज के लिये जेसन होल्डर ने तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि अल्जारी जोसेफ ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट चटकाए। चार ओवर में 31 रन देने वाले ओडियन स्मिथ ने एक विकेट अपने नाम किया। वेस्ट इंडीज़ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार विकेट गंवाने के कारण मैच से बाहर होती गयी। काइल मेयर्स (20),एविन लेवाइस (14) और ब्रैंडन किंग (17) ने अच्छी शुरुआत के बाद निराशाजनक रूप से अपना विकेट गंवाया, जबकि कप्तान निकोलस पूरन चार रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल के रूप में वेस्ट इंडीज का पांचवां विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आए होल्डर ने टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन शमारह ब्रूक्स, अकील हुसैन, अल्ज़ारी जोसेफ़ और ओडियन स्मिथ उनका साथ नहीं दे सके। पारी के 19वें ओवर में होल्डर का विकेट गिरते ही वेस्ट इंडीज की पारी समाप्त हो गयी और स्कॉटलैंड ने मैच 42 रन से जीत लिया। मार्क वॉट ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। ब्रैड वील और माइकल लीस्क ने दो-दो विकेट लिए जबकि जॉश डेवी और साफ्यान शरीफ को एक-एक विकेट हासिल हुआ।




## परदीप और गिल की बदौलत यूपी ने भरी उड़ान, बुल्स को 7 अंक से हराया

**बेंगलुरू।** अपने दो स्टार रेडर्स- परदीप नरवाल (14) और सुरेंदर गिल (14) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी योद्धाज ने श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में सुपर संडे को खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 23वें मैच में मेजबान बेंगलुरू बुल्स को 44-37 के अंतर से हरा दिया। परदीप ने 5 रेड नाकाम होने के बाद लय पकड़ी और अपना पहला सुपर-10 पूरा किया जबकि गिल ने इस सीजन के दूसरे सुपर-10 के साथ अपनी टीम को दूसरी जीत दिलाई। इस जीत ने यूपी को अंक तालिका में चौथे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है। बुल्स को चार मैचें में दूसरी हार मिली है। उसने दो मैच जीते भी हैं।

बुल्स के लिए विकास कंडोला (12) ने सुपर-10 लगाया जबकि भरत ने 9 अंक लिए। इस मैच में यूपी की रेडिंग टीम ने 25 के मुकाबले 28 अंक लिए जबकि डिफेंस को 5 के मुकाबले 8 अंक मिले। साथ ही यूपी को आलआउट के भी 6 अंक मिले। एक समय स्कोर 7-7 था लेकिन फिर यूपी ने बुल्स को पहली बार ऑल आउट कर 15-10 की लीड ले ली। अब बारी परदीप की थी। पहले ऑल आउट के बाद चार अंकों की रेड के साथ परदीप ने बुल्स को फिर ऑलआउट की ओर धकेला और दो मिनट के भीतर इसे अंजाम देकर हाफ टाइम तक 26-12 की लीड ले ली। परदीप ने 5 रेड में खाता भी नहीं खोला था और अगली चार रेड पर नौ अंक लेकर उन्होंने मैच को यूपी के हक में लाकर खड़ा कर दिया। दूसरी ओर, विकास की झोली 7 रेड के बाद भी खाली थी।



ब्रेक के बाद विकास को नितेश औऱ सुमित की चंगुल से बचते हुए अपना रंग दिखाने की जरूरत थी।

इसी तरह बुल्स के डिफेंस के सामने परदीप को रोकने की बहुत बड़ी चुनौती थी। ब्रेक क बाद यूपी के रेडर गेम को स्लो कर रहे थे जबकि डिफेंस ने भरत को लपक अपना काम किया। फिर गिल ने रेड पर अपना 8वां अंक लिया। इसी बीच, विकास ने भी अपना खाता खोला। गिल ने फिर मल्टी प्वाइंट रेड के साथ सीजन का दूसरा सुपर-10 पूरा कर लिया। चार के डिफेंस में फिर परदीप ने सुपर-10 पूरा कर लिया। अब परदीप को रोकना मुश्किल था। अगली रेड पर 2 अंक लेकर परदीप ने बुल्स को तीसरी बार ऑल आउट की ओर ढकेल दिया। अगली रेड पर परदीप ने दो अंक लेकर तीसरी बार आलआउट को अंजाम दे स्कोर 37-16 कर दिया।

यूपी की टीम हालांकि बुल्स को वापसी का कोई मौका नहीं देना चाह रही थी।अब तक 25 फेल्ड टैकल्स करने वाली बुल्स के डिफेंस ने हालांकि अगली रेड पर परदीप को लपक लिया। अब यूपी के लिए सुपर टैकल आन था। 27-42 के स्कोर पर विकास ने यूपी को ऑल आउट की ओर ढकेला और फिर उसे अंजाम देकर स्कोर डिफरेंस 12 कर दिया। बुल्स की नजर 7 के स्कोर डिफरेंस पर थी, जिससे उसे मैच से एक अंक मिल सके। इसी बीच, विकास ने अपना सुपर-10 पूरा किया। फिर अपनी टीम की अंतिम रेड पर दो अंक लेकर स्कोर डिफरेंस 7 का कर बुल्स को इस मैच के एक अंक दिला दिया।

## विश्व चैंपियनशिप में भारत ने जीता गोल्ड, अर्जुन–किरण–रुद्राक्ष की तिकड़ी ने चीन को मात दी

**काहिरा।** भारतीय पुरुष राइफल टीम ने यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अर्जुन बबुता, किरण जाधव और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल की तिकड़ी ने स्वर्ण पदक मैच में चीन को 16-10 से मात दी।

इससे पहले टीम इंडिया क्वालीफिकेशन में 628.5 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थी,



जबकि चीन ने 629.4 स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। दूसरी ओर, एलावेनिल वलारिवन, मेहुली घोष और मेघना सज्जनार की महिला टीम ने कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-11 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में कांसे का तमगा हासिल किया। क्वालीफिकेशन में भारतीय महिलाएं 630.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि जर्मनी (628.6) चौथे स्थान पर रही थी।

## ट्रस की जगह लेने के लिए सटोरियों का दांव सुनक पर

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद लगभग महीनेभर पहले संभालने वाली लिज ट्रस के बारे में ऐसा लगने लगा है कि उनका अपनी कंजर्वेटिव पार्टी और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल से बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, सटोरियों का दांव प्रधानमंत्री पद की दौड़ में उनके प्रतिद्वंद्वी रहे ऋषि सुनक की 10 डाउनिंग स्ट्रीट में वापसी पर है। कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर वे आवाजें बुलंद होने लगी हैं, जिनका कहना है कि किस तरह सुनक ने वित्तीय स्थिति के बारे में चेतावनी पहले ही दे दी थी।हालांकि इस हफ्ते अपने 'रेडी फॉर ऋषि' नेतृत्व अभियान के दल और अन्य अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की मेजबानी करने के दौरान सुनक ने इन विषयों पर चुप्पी साधे रखी। सुनक के एक मित्र के हवाले से 'द संडे टाइम्स' ने कहा कि हालात को देखते हुए पूर्व ब्रिटिश भारतीय चांसलर दुखी हैं, उन्होंने कहा, ''यह सब ऐसे नहीं होना चाहिए था।'' 'ऑड्सचेकर' सट्टेबाजों के 'ऑड्स एग्रीगेटर' ने दिखाया कि 47 वर्षीय ट्रस की जगह लेने के लिए सबसे पसंदीदा की दौड़ में 42 वर्षीय सुनक आगे हैं।

सुनक की टीम की नजर ब्रिटेन की राजनीति में सबसे उल्लेखनीय राजनीतिक वापसी पर टिकी है। ट्रस से हार के बाद सुनक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र यॉर्कशायर के रिचमंड में वक्त बिताया। प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे चल रहे सुनक टोरी सदस्यों के मतदान में ट्रस से हारे थे। टोरी के बागी अब इस एक संभावना पर विचार कर रहे हैं कि पूर्ण रूप से नेतृत्व चुनाव के बजाए संसद सदस्य किसी एक उम्मीदवार को अपना पूरा समर्थन दें। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के वफादार सुनक का साथ देंगे, ऐसी संभावना नहीं लगती।

## शी जिनपिंग ने कहा, चीन संरक्षणवाद और अलगाववाद का विरोध करता है

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका देश संरक्षणवाद और अलगाववाद का विरोध करता है। उन्होंने यहां सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के एक महत्वपूर्ण अधिवेशन में कहा कि चीन आर्थिक वैश्वीकरण के सही रास्ते पर चलता है। सप्ताह भर चलने वाले कम्युनिस्ट पार्टी के 20वें अधिवेशन में शी को रिकॉर्ड तीसरी बार पांच साल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित किया जा सकता है। शी ने कहा कि चीन व्यापार व निवेश, उदारीकरण व सेवाओं को प्रोत्साहित करने, द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापक आर्थिक समन्वय नीति को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।उन्होंने कहा कि चीन संरक्षणवाद, बाड़बंदी और अवरोधकों के निर्माण, अलगाववाद, औद्योगिक व आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, एकतरफा प्रतिबंध और अधिकतम दबाव बनाने की रणनीति का विरोध करता है। शी ने कहा कि चीन अन्य देशों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि विकास के लिए अनुकूल अंतरराष्ट्रीय वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके और वैश्विक विकास के लिए नए संचालक तैयार किए जा सकें। अमेरिका ने दूरसंचार उपकरण कंपनी हुआवेई सहित कई चीनी उच्च प्रौद्योगिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

चीन का आरोप है कि इसका उद्देश्य इसके विकास को रोकना है। शी ने कहा कि चीन वैश्वीकरण के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक है क्योंकि यह दुनिया में माल का सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है, जिसने इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश आधुनिक अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

## नाइजीरिया में आई बाढ़ से 13 लाख से ज्यादा हुए बेघर, झेल रहा भीषण आपदा का दंश

**नाइजीरिया।** नाइजीरिया में आई भीषण बाढ़ की वजह से भुखमरी और भीषण आपदा झेल रहा है। बारिश की वजह से आई बाढ़ से 600 से अधिक लोगों की मौत गई हैं, जबकि लाखों लोग बेघर हो गए हैं। देश के मानवीय मामलों के मंत्रालय ने ट्विटर पर जारी किए बयान में कहा कि बाढ़ की वजह से करीब 13 लाख लोग सड़कों पर आ गए हैं। मानवीय मामलों के मंत्री सादिया उमर फारूक ने कहा कि 600 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। उमर फारूक ने कहा कि बाढ़ ने 82,000 से अधिक घरों को तबाह कर दिया है। वहीं, लगभग 272,000 एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) की माने तो अगस्त में बाढ़ आनी शुरू हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने कहा कि नाइजीरिया भूखमरी का सामना कर रहे हैं। नाइजीरिया में मई माह में बरसात शुरु हुई थी। जिसके बाद बाढ़ आनी शुरु हो गई। अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही लगभग 18 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे। बाढ़ से कात्सिना के 34 स्थानीय सरकारी क्षेत्र प्रभावित हुए है। नाइजीरिया के लोगों ने 2012 में भी भीषण बाढ़ का सामना किया था। उस दौरान करीब 21 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए और 363 लोग काल के ग्रास में समा गए थे।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने भारतीय प्रवासियों को मिस्र से हो मजबूत रहे संबंधों के बारे में बताया

**बोले- भारत और मिस्र के बीच रिश्ते अच्छे हैं और हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं**

**काहिरा।** मिस्र दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वहां भारतीय प्रवासियों से मुलाकात कर भारत में हो रहे बदलाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को दोनों देशों के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत हो रहे संबंधों के बारे में भी अवगत कराया। काहिरा में भारतीय समुदाय के साथ संवाद के दौरान डॉ. जयशंकर ने भारत में व्यापार और निवेश, सम्पर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कई अन्य क्षेत्रों में नए अवसरों को लेकर बात रखी। विदेश मंत्री ने कहा कि लंबे समय बाद मिस्र इस साल भारत से गेहूं का आयात कर रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलित रहा है। इसलिए दोनों पक्ष इसे और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और मिस्र के बीच रिश्ते



अच्छे हैं और हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। काहिरा में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के मुताबिक मिस्र में भारतीय समुदाय की संख्या 3200 है जिनमें से अधिकतर लोग राजधानी में ही रहते हैं। कुछ लोग अलेक्जेंड्रिया, पोर्ट सईद और इस्माइलिया में भी रहते हैं।भारत के ज्यादातर नागरिक या तो भारतीय कंपनियों में काम करते हैं या फिर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ जुड़े हैं। करीब 400 भारतीय विद्यार्थी मिस्र में पढ़ रहे हैं जिनमें से 275 विद्यार्थी अल अज़हर विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं जबकि शेष ऐन शम्स मेडिकल विश्वविद्यालय और काहिरा विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जयशंकर ने भारत के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने और क्षेत्र में देश की छवि को आकार देने के लिए प्रवासी भारतीयों का आभार जताया। एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत में विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आज विभिन्न योजनाएं हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और अधिक आत्मनिर्भर तथा अधिक मजबूत बनेगा। जयशंकर ने कहा कि आज यूक्रेन में संघर्ष के कारण भोजन की कमी है और ऊर्जा को लेकर कठिनाइयां हैं। भारत जैसे बड़े देश के लिए यह सब एक सबक है। देश में आजीविका में छोटे से बदलाव होने से भी लोगों को असर पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत कई देशों के लिए चिकित्सा केंद्र है और न सिर्फ पड़ोसी देशों से बल्कि, खाड़ी, पूर्वी अफ्रीका तथा मध्य एशिया से भी लोग अपना इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया की फार्मेसी के तौर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

## यूक्रेन में डोनेट्स्की में मेयर के कार्यालय पर रॉकेट हमला

**कीव।** यूक्रेन में अलगाववादियों के कब्जे वाले एक प्रमुख शहर के मेयर कार्यालय पर एक रॉकेट हमला किया गया, जिसके लिए रूस-समर्थित अधिकारियों ने यूक्रेन को ही जिम्मेदार ठहराया है। उधर, यूक्रेन के अधिकारियों ने एक पृथक घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि रूसी रॉकेट से जापोरिज्जिया के परमाणु संयंत्र के उस पार स्थित एक शहर को निशाना बनया गया, जिसमें छह लोग घायल हो गए। यूक्रेन के सशस्त्र बलों द्वारा दक्षिण की ओर से किये गये जवाबी हमले के करीब सात हफ्तों की अवधि में रूस की जमीन खिसकने के कारण दोनों ओर से हमले तेज हुए हैं।

यूक्रेन के हालिया पलटवार के मद्देनजर रूस ने 24 फरवरी को शुरू किये अपने आक्रमण के बाद की सबसे बड़ी जवाबी कार्रवाई की और यूक्रेन के प्रमुख बुनियादी ढांचे पर सबसे बड़े एवं समन्वित हवाई और मिसाइल हमले शुरू किये। अलगाववादियों के नियंत्रण वाले दोनेत्स्क में किये गये रॉकेट हमले से नगरपालिका भवन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। इमारत के चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे थे। हमले में भवन की खिड़कियां उड़ गयी हैं और छत आंशिक रूप से ढह गई हैं। आसपास खड़ी कारें जल उठी हैं।

हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। यूक्रेन ने हमले के बारे में न तो जिम्मेदारी ली है, न ही कोई टिप्पणी की है। यूक्रेनी अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र ज़ापोरिज्जिया से रॉकेट हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम छह लोग घायल हो गए, जहां रूस ने अपने सैनिकों को तैनात किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कायर्लो टायमोशेंको ने कहा कि निकोपोल के दो निवासियों को हमलों के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिससे पांच बिजली लाइन, गैस पाइपलाइन और आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## विरोध प्रदर्शनों के बीच तेहरान की जेल में आग लगी

**बगदाद।** ईरान की राजधानी तेहरान में एविन जेल में भीषण आग लग गई। जेल में राजनीतिक कैदियों और सरकार विरोधी कार्यकर्ताओं को कैद कर रखा गया है। जेल से गोलियां चलने की आवाज भी सुनाई दीं। महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद पिछले पांच सप्ताह से पूरे ईरान में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। बताया जाता है कि अमीनी को बुर्का ठीक से न पहनने की वजह से हिरासत में लिया गया था।

ईरान की सरकारी इरना ने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि एक वार्ड में कैदियों और जेल कर्मियों के बीच झड़पें हुईं। कैदियों ने जेल की वर्दी वाले एक गोदाम में आग लगा दी। संघर्ष को खत्म करने के लिए दंगाइयों को अन्य कैदियों से अलग कर दिया गया था। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और दमकलकर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास रहे हैं। इस संबंध में तेहरान के अभियोजक अली सालेही ने कहा कि जेल में शांति बहाल हो गई और अशांति का उन विरोध प्रदर्शनों से कोई लेना-देना नहीं था, जो चार सप्ताह तक देश में होते रहे।

सोशल मीडिया पर वीडियो में आग के फुटेज में अलार्म बजने के बीच आसमान में धुएं के गुबार उठते दिख रहे हैं और गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है। इसके तुरंत बाद सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिसमें लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और टायर जलाए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि पुलिस ने एविन जेल की ओर जाने वाली सड़कों और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और क्षेत्र में कम से कम तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। राजधानी के उत्तर में स्थित जेल



के पास प्रमुख मार्गों पर यातायात अधिक था और कई लोगों ने विरोध के साथ अपनी एकजुटता

> **सोशल मीडिया पर वीडियो में आग के फुटेज में अलार्म बजने के बीच आसमान में धुएं के गुबार उठते दिख रहे हैं और गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है। इसके तुरंत बाद सड़क पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिसमें लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और टायर जलाए।**

दिखाने के लिए अपने वाहनों के हॉर्न बजाए। दंगा रोधी पुलिस, एम्बुलेंस और दमकल वाहनों को जेल की ओर जाते देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इलाके में इंटरनेट सेवा अगलेआदेश तक बंद कर दिया गया था। ईरान में अमेरिका स्थित सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि जेल की दीवारों के भीतर एक सशस्त्र संघर्ष छिड़ गया और सबसे पहले जेल के वार्ड नंबर सात में गोलियों की आवाज सुनी गई।

प्रदर्शनकारियों ने ईरान के कुछ शहरों में मुख्य सड़कों और विश्वविद्यालयों में सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज कर दिए। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बच्चों सहित सैकड़ों लोगों की मौत का दावा किया है। प्रदर्शनकारियों ने देश के उत्तर-पश्चिम में अर्दबील की सड़कों पर तानाशाह, सत्ता छोड़ो के नारे भी लगाए। अमेरिका स्थित अधिकार निगरानीकर्ता एचआरएएनए के अनुसार, 17 सितंबर को ईरान में शुरू हुए प्रदर्शनों के बाद से कम से कम 233 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। इससे पहले ओस्लो स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स का अनुमान है कि 201 लोग मारे गए हैं।

## पाकिस्तान में राष्ट्रीय व प्रांतीय असेम्बली की 11 सीटों पर हो रहा है उपचुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राष्ट्रीय और प्रांतीय असेम्बली की 11 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव अपनी लोकप्रियता परखने का एक मौका है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के मुताबिक, राष्ट्रीय असेम्बली की आठ और प्रांतीय असेम्बली की तीन सीटों पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। पंजाब प्रांत में राष्ट्रीय और प्रांतीय असेम्बली की तीन-तीन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है जबकि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में राष्ट्रीय असेम्बली की तीन सीटों तथा सिंध प्रांत में दो सीटों पर उपचुनाव हो रहा है।पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) राष्ट्रीय असेम्बली की सभी आठ सीटों पर उपचुनाव लड़ रही है। ये सीटें अप्रैल में उनकी सरकार गिरने के बाद उनके सांसदों के इस्तीफे की



वजह से खाली हुई थीं। ईसीपी के आंकड़ों के मुताबिक, इन चुनाव में कुल 101 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से पंजाब में 52, सिंध में 33 और केपी में 16 प्रत्याशी हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 44.72 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। मतदान प्रक्रिया सुचारूलेकिन धीमी गति से चल रही है। अधिकारियों ने शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े उपाय किए हैं और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस और अर्धसैनिक रेंजरों के अलावा नियमित जवानों को भी तैनात किया गया है। ईसीपी ने पूरे देश में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए इस्लामाबाद में एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है। इस उपचुनाव में मुख्य मुकाबला पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पीटीआई के बीच है।

## थाई पर्यटन नगरी फुकेट में 30 साल की सबसे भीषण बाढ़, 24 बांधों में खतरे के निशान से ऊपर पानी

**बैंकॉक।** थाईलैंड की मशहूर पर्यटन नगरी फुकेट और सौ-सौ मिमी से ज्यादा बारिश के बाद 30 साल की सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रही है। शहर के अधिकतर इलाकों में पांच फुट तक पानी भर जाने से डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तरफ जाना पड़ा है। थाईलैंड के राष्ट्रीय जल आयोग ने बताया, देश के 24 बांधों में पानी खतरे के निशान तक जा चुका है। थाईलैंड के 34 प्रांत इस समय बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे हैं।

सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए) कीडों को इंसानी भोजन के तौर पर इस्तेमाल देने पर विचार कर रही है। इसके लिए एसएफए ने खाद्य व पशु उद्योगों से प्रतिक्रिया मांगी है। कीड़ों को खाने की मंजूरी दिए जाने के बाद झींगुर, गुबरैला, मधुमक्खी व पतंगे जैसे कीड़ों को भोजन के तौर पर इस्तेमाल हो सकेगा। एएफए इन कीड़ों को सीधे या प्रोटीन बार आदि में मिलाकर खाने की इजाजत देने पर विचार कर रहा है। दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में पैन अमेरिकन हाइवे पर एक बस पलटने से 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिम में पोपायन के पास हुआ यह हादसा इतना भीषण था कि मृतकों और घायलों को निकालने में नौ घंटे लग गए। बस टुमाको से कैली की तरफ जा रही थी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की शुरुआती वजह ब्रेक में मैकेनिकल गड़बड़ी नजर आ रही है।

# लिज़ ट्रस अब खराब नेतृत्व में केस स्टडी है

**बीजिंग।** नेताओं पर नजर रखी जाती है। उन्हें परखा जाता है। यदि आप जवाबदेह ठहराने के विचार को पसंद नहीं करते हैं और अपने कार्यों के लिए जवाब देना नहीं चाहते हैं, तब नेतृत्व की भूमिका निभाना शायद आपके वश की बात नहीं है। मैं नहीं जानता कि इस तरह के विचार कभी प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मन में आये होंगे। लेकिन शायद उन्हें सच्चाई की आहट लगनी शुरू हो गई है। नेतृत्व के खामोश रहने के लिए उन्होंने गलत समय और जगह चुनी। जब आप एक संगठन

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

गये हैं। वह अपने दृढ़ रुख की सतही चीजों में यकीन कर मार्गरेट थैचर के प्रधानमंत्री पद पर रहने



से जुड़ी कथाओं का हिस्सा बन गई हैं। इन सबसे ऊपर, ट्रस अपने नेतृत्व की कड़वी सच्चाई का सामना करने में नाकाम रही हैं-- एक ऐसा कार्य जो अच्छे नेतृत्व के लिए जरूरी माना जाता है।

वह और उनके पूर्व वित्त मंत्री को चेतावनी दी गई थी कि इतने बड़े पैमाने पर गैर वित्त पोषित कर कटौती वित्तीय बाजार में काफी घबराहट का माहौल बना देगी। उन्होंने सलाह खारिज कर दी, वित्त विभाग में शीर्ष सिविल सेवक टॉम स्कॉलर को बर्खास्त कर दिया, जिनके पास अच्छा-खास अनुभव था और वह उन्हें अच्छी सलाह दे सकते थे। ट्रस और क्वासी क्वार्टेंग ने 'ऑफिस फॉर बजट रेस्पॉसबिलिटी' का समर्थन लेने से इनकार कर दिया, जबकि इसका गठन बाजार का विश्वास बढ़ाने के लिए उनकी ही कंजरवेटिव पार्टी ने किया था।

उन्होंने यह मान लिया कि वह विशेषज्ञों की सलाह खारिज कर सकती हैं। बलि का बकरा बनाना खराब रणनीतिः चांसलर के पद से क्वार्टेंग को बर्खास्त करना, जहां तक राजनीति की बात है सामान्य चीज हो सकती है। लेकिन यह किसी नेतृत्व का कार्य नहीं हो सकता, जो विश्वास और आदर किये जाने की उम्मीद करता हो। क्वार्टेंग ने उनकी नीतियों का समर्थन ही किया था। बर्खास्तगी के बाद हालिया संवाददाता सम्मेलन के दौरान संकेत दिखा कि ट्रस ने यह मानना शुरू कर दिया है कि उनके नेतृत्व से जो उम्मीद की जा रही है उसे पूरा करने में वह बुरी तरह नाकाम हो रही हैं। उन्होंने (ट्रस ने) शायद, आखिरकार यह महसूस करना शुरू कर दिया है कि उन्होंने जो कल्पना की थी वह जमीनी स्तर पर कितनी कठिन हो गयी है। लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है। नेतृत्व वैचारिक प्रयोग के लिए

> **जब आप एक संगठन को आगे ले जाते हैं, तब व्यापक जिम्मेदारी निभाने के लिए बड़ा पारितोषिक मिलता है। संगठनात्मक जीवन का तथाकथित 'प्रतियोगिता सिद्धांत' इस प्रक्रिया को बखूबी बयां करता है।**

खेल का मैदान नहीं है। उससे योगदान देने कीऔर अपने संगठन को भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के लिए बेहतर बनाने की अपेक्षा की जाती है। यह सिर्फ उन पर ही नहीं, बल्कि सब पर लागू होता है। मुझे लगता है कि ट्रस यह सब ज्यादा नहीं समझेंगी और अब उन्हें पद गंवा कर इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## चिनफिंग ने किया आगाह: ताइवान के लिए चीन बल प्रयोग का विकल्प नहीं छोड़ेगा

**बीजिंग।** चीन की सत्ता में रिकॉर्ड तीसरी बार एवं संभवतः आजीवन रहने को तैयार राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आगाह किया कि ताइवान को मुख्य भूभाग में फिर से मिलाने के लिए चीन 'बल प्रयोग करने का विकल्प नहीं छोड़ेगा।' इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकासात्मक हितों की रक्षा के लिए देश की सेना के आधुनिकीकरण को विश्व स्तर के मानकों के अनुरूप करने का संकल्प लिया। ताइवान खुद को एक संप्रभु देश मानता है, लेकिन चीन इस स्वशासित द्वीप को अपने देश का ही एक अलग हुआ हिस्सा मानता है और चीन ने ताइवान को अपने भूभाग में मिलाने के लिए बल के संभावित इस्तेमाल से इनकार नहीं किया है।

चिनफिंग ने सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी)के प्रत्येक पांच वर्ष में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर कहा, ''हम बल प्रयोग का विकल्प नहीं छोड़ेंगे और सभी अलगाववादी आंदोलनों को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेंगे।'' ऐसी संभावना है कि चिनफिंग को छोड़कर, दूसरे नंबर के नेता एवं प्रधानमंत्री ली क्विंग सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं को कांग्रेस के दौरान बदल दिया जाएगा या उनमें फेरबदल किया जाएगा, क्योंकि चिनफिंग के नेतृत्व वाला प्रशासन 10 साल का कार्यकाल पूरा कर रहा है।

हालांकि, ऐसी उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस चिनफिंग के रिकॉर्ड तीसरी बार पद पर बने रहने का समर्थन करेगी, क्योंकि उन्हें पहले ही पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग के समान 'मुख्य नेता'घोषित किया जा चुका है। जिस वक्त चिनफिंग ने ताइवान को चीन के मुख्य भूभाग में विलय का संकल्प लिया, कांग्रेस में हिस्सा ले रहे 2,300 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि देर तक तालियां बजाते रहे। सीपीसी के महासचिव चिनफिंग ने कहा कि पार्टी को ताइवान मुद्दे को सुलझाने के लिए अपनी



रणनीति पर दृढ़ रहना चाहिए और ताइवान के चीन में विलय को लेकर दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''ताइवान का मुद्दा चीन का मामला है। यह ऐसा मामला है, जिसे चीनियों को ही सुलझाना चाहिए।'' अगस्त में अमेरिकी नेता नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद चीन ने ताइवान द्वीप के इर्द-गिर्द गहन सैन्य अभ्यास किया और मिसाइलें दागीं, जिससे यह चिंता उत्पन्न हो गई थी कि चीन आक्रमण के लिए जमीन तैयार कर सकता है। चिनफिंग ने कहा कि इतिहास का पहिया चीन के पुनर्मिलन और चीनी राष्ट्र के कायाकल्प की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, ''हम जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोगों को चीनी संस्कृति को बढ़ावा देने और घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।'' चिनफिंग ने राष्ट्रीय रक्षा तथा सेना को और आधुनिक बनाने पर भी जोर दिया। अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान, चिनफिंग ने सेना को मजबूत करने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। चिनफिंग ने कहा कि चीन पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना संबंध और आपसी भरोसा बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा और सेना को और आधुनिक बनाने पर जोर दिया। चिनफिंग ने कहा कि हर मामले में एक आधुनिक समाजवादी देश बनाने के लिहाज से वर्ष 2027 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की स्थापना के शताब्दी वर्ष के लक्ष्यों को हासिल करना और सेना को तेजी से विश्व स्तरीय बनाना एक राणनीतिक काम है।

उन्होंने कहा कि सीपीसी निर्देशों का पालन कराने के लिए सेना पर अपने नियंत्रण को और मजबूत करेगी तथा पार्टी संस्थाओं और प्रणाली में सुधार करेगी ताकि अंतिम जवाबदेही केंद्रीय मिलिट्री आयोग (सीएमसी) के पास रहे। चीन की 20 लाख मजबूत सेना की सर्वोच्च इकाई सीएमसी है और चिनफिंग राष्ट्रपति और पार्टी महासचिव होने के साथ-साथ सीएमसी के भी चेयरमैन हैं। चिनफिंग ने कहा कि चीन ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसी सहयोग प्रणाली को अधिक असरदार बनाने और उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बेहतर प्रतिनिधित्व और इनकी वैश्विक मामलों में अधिक हिस्सेदारी के लिए काम कर रहा है।